

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 जब पीएम मोदी ने छोटे बुमराह को दुलार किया ...

निक्की हेली ने बाइडन के बचाव में आए वरिष्ठ पत्रकार को घेरा ... 12



वर्ष : 12 | अंक : 84 | पटना, शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# टी20 विश्व चैंपियन भारतीय टीम का स्वदेश लौटने पर जोरदार स्वागत, पीएम से की मुलाकात

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम बृहस्पतिवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया जिसके बाद टीम के सदस्यों ने नाश्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे सैकड़ों प्रशंसक मौसम की परवाह किए बिना विभिन्न नारे लिखे बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी। पिछले शनिवार को टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों की वापसी के दौरान नाच-गाना हो रहा था, खूब सारे केक थे और सड़कों पर प्रशंसक थे जो दर्शा रहे थे कि क्रिकेट देश में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला खेल क्यों है। थके हुए खिलाड़ी भी हवाई अड्डे से होटल पहुंचने के बाद मस्ती में शामिल हुए और पार्टी का माहौल पूरा किया। इस वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी टीम इंडिया के सदस्यों से बात करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी से टीम इंडिया के सभी सदस्य लोक कल्याण मार्ग पहुंचे थे। इस दौरान टीम इंडिया को चैम्पियन बनाने वाले कप्तान रोहित शर्मा और हेड कोच राहुल द्रविड़ ने प्रधानमंत्री को टी 20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी उनके हाथों में थमा दी दी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव से बात करते हुए नजर आए। वहीं, एक मौका ऐसा भी आया, जब खिलाड़ी पीएम मोदी की किसी बात को सुनकर ठहाके लगाने लगे। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद भारतीय क्रिकेट टीम 7 लोक कल्याण मार्ग से रवाना हुई।

**मुंबई में खिलाड़ियों के स्वागत में उमड़ा सैलाब :** वर्ल्ड चैंपियन भारतीय टीम का मुंबई में भव्य स्वागत किया गया। विक्ट्री परेड में भारतीय खिलाड़ी शामिल हो चुके हैं। वर्ल्ड चैंपियन विजय रथ में सवार होकर रोड शो कर रहे हैं। खिलाड़ियों की एक झलक के लिए मरीन ड्राइव में जनसैलाब उमड़ पड़ा है। क्रिकेट प्रेमी अपने स्टार को देखने के बेताब दिखे। रोड शो मरीन ड्राइव से लेकर वानखेड़े स्टेडियम तक किया जाना है, जिसके लिए तैयारी कर ली गई है। मरीन ड्राइव और वानखेड़े में भारतीय खिलाड़ियों के स्वागत के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे हैं।

## उत्साह से लबरेज खिलाड़ियों ने वानखेड़े में मनाया जश्न

हवाई अड्डे पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी लेकिन इससे प्रशंसकों का उत्साह कम नहीं हुआ। उत्साह से लबरेज प्रशंसक स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के पोस्टर लेकर नारे लगा रहे थे। खिलाड़ियों को आईटीसी मौर्या शेरेटन होटल ले जाने के लिए टी थ्री टर्मिनल के बाहर दो बसें खड़ी थी। होटल पहुंचने पर ढोल और पारंपरिक भांगड़ा डांस से उनका स्वागत किया गया। कप्तान रोहित शर्मा, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत सहित अधिकांश खिलाड़ियों ने भांगड़ा कर रहे डांसरों के साथ डांस किया। थके हुए लेकिन उत्साहित खिलाड़ियों ने प्रतीक्षा कर रहे प्रशंसकों का हाथ हिलाकर और गर्मजोशी से मुस्कुराते हुए अभिवादन किया। फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच पकड़कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सूर्यकुमार नारों का जवाब देने में सबसे अधिक उत्साहित थे। भयानक कार दुर्घटना में घायल होने के बाद टी20 विश्व कप के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने प्रशंसकों को सलाम किया जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने उनकी ओर फ्लाइंग किस दिए। रोहित ने विश्व कप ट्रॉफी पकड़ी हुई थी और बस में चढ़ने से पहले उन्होंने प्रशंसकों को इसकी झलक दिखाने के लिए इसे ऊपर उठाया। कोहली ने भी प्रशंसकों की ओर थम्ब्स अप किया।




## संक्षिप्त खबरें

### पीएम मोदी रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर जाएंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार 08 जुलाई को रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर श्री मोदी 08-09 जुलाई को मास्को में होंगे। प्रधानमंत्री 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। दोनों नेता दोनों देशों के बीच बहुमुखी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा करेंगे और आपसी हित के समसामयिक क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री 09-10 जुलाई के दौरान ऑस्ट्रिया की यात्रा करेंगे। यह 41 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा होगी। वह ऑस्ट्रिया गणराज्य के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन से मुलाकात करेंगे। ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के साथ बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री और चांसलर भारत और ऑस्ट्रिया के व्यापारिक नेताओं को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मॉस्को और वियना में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत भी करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न का मामला

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल राजभवन की एक महिला कर्मचारी ने वहां के राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अपनी याचिका में महिला दावा किया कि राज्यपाल को दी गई संवैधानिक प्रतिरक्षा के कारण वह उपचारविहीन हो गई है। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है कि यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए वह पश्चिम बंगाल पुलिस को आवश्यक निर्देश दे।

### दुर्लभ संक्रमण से एक और बच्चे की मौत

कोझिकोड। केरल में मस्तिष्क के दुर्लभ संक्रमण ह्यअमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिसह्य से ग्रस्त 14 वर्षीय बच्चे की एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह संक्रमण दूषित जल में पाए जाने वाले जीवित अमीबा के कारण होता है। केरल के स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को बताया कि मृदुल नाम के बच्चे की मौत बुधवार रात करीब 11:20 बजे हुई। बता दें, दक्षिणी राज्य में मई से लेकर अब तक इस घातक संक्रमण का यह तीसरा मामला है।

## बारिश का कहर: पुल गिरने व धंसने को लेकर राज्य सरकार सजग, विपक्ष ने साधा निशाना

# सारण जिले में एक और पुल धराशायी, 24 घंटे में दूसरा पुल गिरा

### बिहार मे एक पखवाड़े में पुल ढहने की यह 10वीं घटना

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। बिहार में बृहस्पतिवार को पुल गिरने की एक और घटना सामने आई है। राज्य में पिछले एक पखवाड़े में पुल ढहने की यह 10वीं घटना है। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि ताजा घटना सारण की है, जहां पिछले 24 घंटे के भीतर दो पुल ढह गए। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष पूर्व स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा बनाया गया पुल बृहस्पतिवार सुबह गिर गया।

घटना में किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। गंडकी नदी पर बनयपुर प्रखंड में स्थित यह छोटा पुल सारण के कई गांवों को पड़ोसी जिला सिवान से जोड़ता था। जिलाधिकारी ने बताया, इस छोटे पुल का निर्माण 15 साल पहले हुआ था। मैं घटनास्थल पर जा रहा हूं। जिला प्रशासन के कुछ अन्य अधिकारी भी वहां पहुंच चुके हैं। पुल गिरने के असल कारणों का फिलहाल पता नहीं लगा है, लेकिन हाल में पुल से गाद निकालने का कार्य शुरू किया गया है। बुधवार को सारण जिले में जनता बाजार क्षेत्र और लहलादपुर क्षेत्र में कुल दो छोटे पुल ढह गए थे। जिलाधिकारी ने कहा, इन छोटे पुलों के ढहने का कारण जानने के लिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण पुल ढहे हैं।सिवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में पिछले 16 दिन में 10 पुल ढह गए हैं। ताजा घटना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से सड़क निर्माण और ग्रामीण कार्य विभाग को राज्य के सभी पुराने पुलों का सर्वेक्षण करने और मरम्मत की जरूरत वाले पुलों को चिन्हित करने का निर्देश देने के एक दिन बाद घटी है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को रखरखाव नीतियों की समीक्षा के लिए बैठक की थी और कहा था कि पथ निर्माण विभाग ने पहले ही अपनी पुल रखरखाव नीति तैयार कर ली है और ग्रामीण कार्य विभाग को जल्द अपनी योजना तैयार करनी चाहिए।

**विपक्ष ने सरकार पर साधा निशाना :** विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने गुरुवार को पुल गिरने की घटनाओं पर सत्ता पक्ष पर जोरदार कटाक्ष करते हुए अपने आधिकारिक एक्स एकाउंट पर लिखा कि चार जुलाई की सुबह बिहार में एक पुल और गिरा। कल तीन जुलाई को ही पांच पुल गिरे। उन्होंने आगे लिखा, 18 जून से लेकर अभी तक 12 पुल ध्वस्त हो चुके हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री इन उपलब्धियों पर एकदम खामोश एवं निरुत्तर हैं। सोच रहे हैं कि इस मंगलकारी भ्रष्टाचार को जंगलराज में कैसे परिवर्तित करें? उन्होंने आगे तंज कसते हुए लिखा, सदैव भ्रष्टाचार, नैतिकता, सुशासन, जंगलराज, गुड गवर्नेंस इत्यादि पर राग अलाप कर दूसरों में गुण दोष के खोजकर्ता, कथित उच्च समझ के उच्च कार्यकर्ता, उन्नत कोटि के उत्कृष्ट पत्रकार सह पक्षकार तथा उत्तम विचार के श्रेष्ठ लोग अंतरात्मा का गला घोंट इन सुशासनी कुकृत्यों पर चुप्पी की चादर ओढ़ सदाचारी बन चुके हैं।

तेजस्वी यादव के बाद उनके पिता राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने राज्य और केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला है। लालू प्रसाद ने कहा है कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार अब इसके लिए भी विपक्ष को ही दोषी कहेंगे। सोशल मीडिया एक्स पर लालू ने एक दैनिक अखबार की हेडलाइन की कटिंग शेयर करते हुए लिखा कि, नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार इसका दोष भी मुगलों, अंग्रेजों और विपक्षियों को ही देंगे। कल एक ही दिन में 5 पुल ढहे। 15 दिन में 12 पुल गिर चुके है। पुलियों का कोई हिसाब-किताब नहीं।

## दोषियों के खिलाफ की जाएगी कठोर कार्रवाई : चैतन्य

### जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव ने पुल गिरने पर जताई चिंता

पटना। बिहार में गिरते पुल-पुलियों को लेकर सरकार अब जहां सजग दिख रही है, वहीं इसे लेकर राजनीति भी खूब हो रही है। विपक्ष सत्ता पक्ष को इस मुद्दे को लेकर घेर रहा है। वहीं, जल संसाधन विभाग भी अब पुल गिरने की घटनाओं पर सचेत हुआ है। विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने कहा है कि गोपालगंज जिले के बरौली प्रखंड सहित सीवान जिले के महाराजगंज, दरौंदा और लहलादपुर में छाड़ी नदी पर बने दशकों पुराने पुल, पुलिया जर्जर हो चुके हैं, उनकी जगह नए बनाए जाएंगे। विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पुल की जांच उड़नदस्ता संगठन से कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन पर कार्रवाई की जायेगी। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। टूटे पुल और पुलिया को एक हफ्ते के भीतर युद्धस्तर पर काम करके बनाया जाएगा। इन पुलों को बनाने में जो खर्च आएगा वो ठेकेदार से वसूला जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुल पुलिया को सुरक्षित रखने के लिए इंजीनियरों द्वारा एहतियातन कदम नहीं उठाया गया औ ना ही तकनीकी पर्यवेक्षण ही किया गया। इसमें कार्यकारी संवेदक के स्तर से भी लापरवाही की बात सामने आई है। पुल और पुलिया के टूटने के मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच के आदेश विभाग ने दिये हैं। मामले में जो भी अभियंता दोषी पाए जाएंगे उन्हें चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी वही पुलों के निर्माण पर खर्च होने वाली राशि भी ठेकेदार से वसूली जाएगी। उन्होंने कहा कि 3 से 4 जुलाई को सिवान एवं सारण जिले में गंडकी नदी पर अवस्थित 6 पुल पुलिया ध्वस्त हुए है।



एसीएस ने माना किया इन पुल पुलिया को सुरक्षित रखने हेतू एहतियातन कदम नहीं उठाया गया। कार्यकारी संवेदन के स्तर से भी लापरवाही बरती गयी। इन पुल पुलियों के क्षतिग्रस्त होने के मामले को गंभीरता से लिया गया है इस मामले की जांच का आदेश उड़न दस्ता संगठन को दिया गया है। उड़न दस्ता दल मौके पर पहुंच चुकी है उनके द्वारा जांच की जा रही है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को समीक्षा बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग को भी पथ निर्माण विभाग की तरह मेंटेनेंस पॉलिसी बनाने के निर्देश दिए।

## राज्यपाल ने राजभवन में सोरेन को दिलायी शपथ

# हेमंत सोरेन फिर सत्ता में लौटें झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री बने

प्रात : किरण

रांची।/एजेंसी झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने बृहस्पतिवार की शाम यहां राजभवन में राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने राजभवन में हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, उनकी मां रूपी सोरेन, पत्न ी कल्पना सोरेन तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थे। बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले चंपई सोरेन भी इस अवसर पर मौजूद थे। हेमंत सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत दिए जाने के बाद 28 जून को जेल से रिहा कर दिया गया था। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 31 जनवरी को उनकी गिरफ्तारी से कुछ समय पहले ही उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

शपथ ग्रहण करने के बाद सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अपनी जिम्मेदारियों का अच्छी तरह निर्वाह किया। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि अदालत का आदेश सार्वजनिक है और सभी लोग उसे देख सकते हैं । साथ ही उन्होंने कहा कि वह अपने कर्तव्यों का पालन पूरी प्रतिबद्धता के साथ करेंगे। जनता को संबोधित एक वीडियो संदेश में हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष ने उनके खिलाफ साजिश रची और वे अपने नापाक इरादों में कामयाब भी हो गए जिसके चलते उन्हें करीब पांच महीनें सलाखों के पीछे गुजारने पड़े। सोरेन ने वीडियो में कहा,मुझे 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया।..मैंने आपको एक संदेश दिया था कि कैसे विपक्ष ने मेरे खिलाफ जाल बिछाया और कैसे वे अपने नापाक खेल में कामयाब हुए । उन्होंने मुझे लंबे समय तक सलाखों के पीछे रखने की कोशिश की लेकिन मैंने कानूनी लड़ाई का रास्ता चुना। आपने सड़कों पर उतरकर मेरा समर्थन किया। अंततः न्याय हुआ और मैं बेदाग बाहर आया। झामुमो नेता ने कहा कि उन्हें 2019 में जनता की सेवा करने का मौका मिला था लेकिन ह्यषड़यंत्रकारियों को यह हजम नहीं हुआ कि एक आदिवासी युवक कैसे इतनी ऊंचाई तक पहुंच सकता है और आखिरकार 31 जनवरी को झूठे आरोपों पर मुझे हटा दिया गया। भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं है। सोरेन ने कहा कि वह झारखंड के लोगों की पूरे समर्पण के साथ सेवा करने के लिए तैयार हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपनी शुभकामनाएं दीं। झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि राज्य में कल्याणकारी कार्यों में तेजी लाई जाएगी।



# भारत और आस्ट्रेलिया ने रक्षा संबंधों की समीक्षा की

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री तथा रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने बृहस्पतिवार को टेलीफोन पर बातचीत की तथा दोनों देशों के रक्षा संबंधों की समीक्षा की। श्री सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ह्लआस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ बात की। हमने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से संबंधित कई मुद्दों की समीक्षा की। हिन्द प्रशांत में दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग पर भी चर्चा हुई। हम भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार दोनों मंत्रियों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत रक्षा सहयोग में शानदार प्रगति का उल्लेख किया और नवम्बर 2023 में हुए पिछले भारत-ऑस्ट्रेलिया टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय संवाद के बाद से संबंधों में आई गति की सराहना की। ऑस्ट्रेलिया भारत को प्रमुख सुरक्षा भागीदार मानता है और यह बात उनके राष्ट्रीय रक्षा रणनीति दस्तावेज में प्रमुखता से कही गयी है। श्री मार्ल्स ने लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के लिए श्री सिंह को बधाई दी और भारत में लोकतांत्रिक प्रणाली की सराहना की। उन्होंने रक्षा मंत्री को टीम इंडिया के टी 20 विश्व चैंपियन बनने पर भी बधाई दी।

# जीएनएसयू के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

### विवि के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह के आग्रह को स्वीकारा

पटना। देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद रोहतास जिले के जमुहार में स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। श्री कोविंद ने इसके लिए अनुमति प्रदान कर दी है। बुधवार शाम को नयी दिल्ली स्थित पूर्व राष्ट्रपति के आवास पर जीएनएसयू के कुलाधिपति सह पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह ने श्री कोविंद से मिलकर इसके लिए आग्रह किया। उनके आग्रह पर श्री कोविंद ने दीक्षांत समारोह में शामिल होने की अनुमति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भारत सरकार के तत्कालीन गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हो चुके हैं। जबकि, 2024 के दीक्षांत समारोह में आतिथ्य स्वीकार करने के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह आग्रह पर पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद जी ने उपस्थिति के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। दीक्षांत समारोह की तिथि अभी निश्चित नहीं हुई है। कुलाधिपति के साथ उनके आप्त सचिव योगेश उपाध्याय एवं कृष्णा साहू ने भी पूर्व राष्ट्रपति से शिष्टाचार मुलाकात की। गौरतलब है कि शाहाबाद क्षेत्र में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय वर्षो से न सिर्फ शिक्षा का अलख जगा रहा है, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी किया है।



**सम्मेलन**

## शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री जयशंकर प्रसाद ने प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ा

# भारत का संप्रभुता, प्रादेशिक अखंडता के सम्मान, आतंकवाद पर कार्रवाई पर बल

प्रात : किरण

अस्ताना (कजाखस्तान)/एजेंसी। भारत ने चीन, पाकिस्तान और रुस जैसे 12 से अधिक देशों के शीर्ष नेताओं की गुरुवार को यहां आयोजित एक बैठक में एक से अधिक देशों से जुड़ी सम्पर्क-सुविधा और अवसंरचना क्षेत्र की परियोजनाओं में देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का ध्यान रखने पर बल दिया और सीमापार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का भी आह्वान किया। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पढ़ा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी घरेलू व्यस्तताओं के कारण एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने अस्ताना नहीं आ सके। विदेश मंत्री डॉ जयशंकर ने सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया। श्री मोदी ने अपने भाषण में वर्ष 2017 में एससीओ में भारत की सदस्यता हासिल करने के मौके को याद किया, उस समय भी कजाखस्तान की अध्यक्षता में भारत को यह उपलब्धि हासिल हुई थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से, हमने एससीओ में अध्यक्षता का एक पूरा चक्र पूरा कर लिया है।

भारत ने 2020 में शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक के साथ-साथ 2023 में राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की बैठक की मेजबानी की। एससीओ हमारी विदेश नीति में एक प्रमुख स्थान रखता है। प्रधानमंत्री ने एससीओ के सदस्य ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर दुर्घटना में उनके एवं अन्य लोगों के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और नये सदस्य के रूप में बैठक में शामिल होने के लिए बेलारूस का स्वागत किया और वहां के राष्ट्रपति अलेक्जेडर लुकाशेंको को बधाई दी। बैठक में प्रधानमंत्री का वक्तव्य चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना और जम्मू-कश्मीर में सीमापार से आंतकवाद पर भारत के कड़े रुख को देखते हुए विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। श्री मोदी ने सीमा पर से संचालित आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई किए जाने, आतंकवाद के वित्त पोषण पर रोक तथा युवाओं को कट्टरपंथ से बचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का मुकाबला करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो एससीओ के मूल लक्ष्यों में से एक है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग करना चाहिए और उन्हें बेनकाब करना चाहिए जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाह देते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा, सीमा पार आतंकवाद का निर्णायक जवाब देने की आवश्यकता है और आतंकवाद के वित्तपोषण और भर्ती का दृढ़ता से मुकाबला किया जाना चाहिए।

हमें अपने युवाओं में कट्टरपंथ के प्रसार को रोकने के लिए भी सक्रिय कदम उठाने चाहिए। प्रधानमंत्री ने इसमें एससीओ के नेताओं से अंतराष्ट्रीय व्यापार और पारगमन व्यवस्था पारदर्शिता और गैर भेदभाव से मुक्त रखे जाने का भी आह्वान किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और डिजिटल प्रौद्योगिकी से जुड़े मुद्दों को भी उठाया। उन्होंने कहा, आर्थिक विकास के लिए मजबूत कनेक्टिविटी (संपर्क सुविधाओं) की आवश्यकता होती है। इससे हमारे समाजों के बीच सहयोग और विश्वास का मार्ग भी प्रशस्त हो सकता है। कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गैर-भेदभावपूर्ण व्यापार अधिकार और पारगमन व्यवस्थाएं भी आवश्यक हैं। एससीओ को इन पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है।प्रधानमंत्री ने कहा कि एससीओ एक सिद्धांत-आधारित और सर्वसम्मति से चलने वाला संगठन है। यह सर्वसम्मति सदस्य देशों के दृष्टिकोणों से तय होती है।



# सीएम नीतीश ने अस्पताल जाकर पूर्व मंत्री हरि नारायण सिंह का कुशलक्षेम पूछा

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को जयप्रभा मेदांता अस्पताल जाकर जदयू के वरिष्ठ नेता एवं हरनौत के विधायक हरि नारायण सिंह का कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री ने चिकित्सा कर रहे चिकित्सकों से उनके इलाज के बारे में अद्यतन जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार तथा मेदांता अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकगण उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री ने रमेश चंद्र मिश्र के निधन पर जताया शोक:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रसिद्ध उद्योगपति एवं विद्या विहार शिक्षण संस्थान, पूर्णिया के संस्थापक रमेश चंद्र मिश्र के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व० रमेश चंद्र मिश्र एक उद्योगपति के साथ-साथ शैक्षणिक कार्यों में गहरी अभिरूचि रखते थे। विद्या विहार शिक्षण संस्थान, पूर्णिया की उन्होंने स्थापना की जो राज्य के प्रमुख विद्यालय में से एक है। उनके निधन से सामाजिक, औद्योगिक एवं शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### मुहर्रम पर होगा अशरा की मजलिस

पटना सिटी (प्राकि)। खाजेकलां के सिंधी दालान स्थित मेहंदी अली खान साहब के इमामबाड़ा में अशरा की मजलिस पहली मुहर्रम में सात या आठ जुलाई शुरू होगा। संयोजक सैयद हसन अली ने बताया कि मजलिस का आयोजन नौ दिनों तक चलेगा। इसमें जलालपुर से आए मौलाना डॉ नैयर जुल्कर नैन साहेब की तकरीर होगी। सोजखानी जफर और मर्सिया इकबाल हैदर पढ़ेंगे। हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 अंसारों की शहादत वाले पर्व मुहर्रम शुरू होने से पहले छह या सात जुलाई को शिया समुदाय की ओर से आगाज ए गम का जुलूस निकाला जाएगा। चमडोरिया स्थित बाबुल हवायच इमामबाड़ा के सचिव शाह जौहर इमाम जौनी व सरबर इमाम ने बताया कि दस्ता ए सज्जादिया की ओर से जुलूस आयोजित होता है।

### अतिक्रमण हटाओ दस्ता के नेतृत्व में रामजयपाल नगर मोड़ से अतिक्रमण हटाया गया

दानापुर नगर के अंतर्गत राम जयपाल नगर से आरपीएस मोड़ तक अतिक्रमण के विरूद्ध नगर परिषद ने विशेष अभियान नहेरुपथ के दक्षिण ओर स्थित सर्विसलेन में चलाया। सर्विसलेन में नाला के किनारे सड़क किनारे ठेला गुमटी लगा कर एवं अन्य प्रकार से अतिक्रमण करने वालो के विरूद्ध अभियान चलाते हुए। इस दौरान 14 लोगो से 17 हजार रुपए वसुले गये। गुरूवार को नगर परिषद की अतिक्रमण हटायो दस्ता कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व में रामजयपाल नगर मोड़ पहुंची। दस्ता को देख अतिक्रमण करने वाले सामान लेकर भागने लगे। लोग ठेला गुमटी हटाने लगे। अतिक्रमणकारियो में हड़कंप मच गया। इस दौरान रामजयपालनगर से आरपीएस मोड़ से पहले स्थित लक्ष्मी पेट्रोल पंप तक अभियान चला। वही ये देख आरपीएस मोड़ पर अतिक्रमण करने वाले अपने दुकान समेट कर भाग निकले। आरपीएस मोड़ खाली नजर आने लगा। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि अतिक्रमण के कारण चौड़ी सड़क सिकुड़ती जा रही है। लोगो को आवागमन में परेशानी होती है। जाम लग जाता है। इसके साथ ही नाला की साफ सफाई में भी समस्या आती है। उन्होने कहा कि अतिक्रमण करने वाले दर्जन भर से अधिक लोगो से दंड स्वरूप 17 हजार रुपए वसुले गये। आगे भी अभियान जारी रहेगा। अभियान के दौरान नगर प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार सफाई निरीक्षक रंजीत कुमार, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

### अवैध देशी शराब के मामले में 5 साल की सजा सुनाए गई

दानापुर नगर के अंतर्गत उत्पाद न्यायालय के विशेष न्यायाधीश संतोष कुमार पांडेय ने अवैध देशी शराब बरामदगी मामले में अभियुक्त मुकेश महतो के विरूद्ध 5 साल कारावास व एक लाख जुमार्ना व जुमार्ना राशि नहीं देने पर तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाए। उत्पाद अधिवक्ता बुद्धदेव मिश्र ने बताया कि खगौल थाना कांड संख्या 331/23में खगौल लख से पुलिस ने 30 जुलाई 23 को आटो से शराब ले जाते फुलवारी शरीफ संगत सतलगयिा निवासी मुकेश महतो को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने ऑटो से 60 लीटर अवैध देशी शराब के जप्त किया था। जिसमें उत्पाद न्यायालय, दानापुर के विशेष न्यायाधीश संतोष कुमार पाण्डे ने सुनवाई करते हुए मामले के अभियुक्त मुकेश महतो के विरुद्ध पांच साल की कारावास एवं एक लाख रुपये जुमार्ना की सजा सुनायी। जुमार्ने की राशि नही अदा करने पर तीन माह की अतिरिक साधारण कारावास की सजा मिलेगी।

### स्मैक के साथ दो युवक गिरफ्तार

दानापुर नगर के अंतर्गत पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के डोमनिया पुल के निकट छापेमारी की। जिसमें पुलिस ने दो युवकों को पन्द्रह पुड़िया स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। दोनो को पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया डोमनीया पुल के निकट से नया टोला गांधी मूर्ति निवासी सूरज कुमार और अखाड़ा कुआं निवासी नंदू कुमार को 15 पुडिया स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनो को पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### राजनिति की मजबूरी

फतुहा। गुरुवार को राजद नगर अध्यक्ष डॉ दयानंद प्रसाद सिंह ने बताया कि कभी नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री से हटाने का संकल्प लेने वाले सम्राट चौधरी ने अपने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही उपमुख्यमंत्री बनकर अपना संकल्प सरयू नदी में नहा कर पूरा करने का नाटक किया। अब नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने के लिए दुआ मांग रहे हैं, बीजेपी नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुकी है। रामलला से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने का आशीर्वाद मांगा जाएगा। इसकी सम्भावना नहीं के बराबर है। अपने लिए ही मांगा गया होगा, नाटक किया जा रहा है। यह नीतीश कुमार के साथ सभी नेता जानते हैं।

# सूबे के एसएनसीयू में एक साल में नवजात मृत्यु दर में दो प्रतिशत की आयी गिरावट

## पिछले वर्ष की तुलना में एसएनसीयू में डिस्चार्ज रेट बढ़कर पहुँचा 85 प्रतिशत तक

- एक महीने के अंदर रेफरल रेट 10 प्रतिशत से कम करने का राज्य सरकार का निर्देश



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राज्य में कार्यरत स्पेशल न्यू बार्न केयर (एसएनसीयू) यूनिट में नवजातों (जीरो से 28 दिन के नवजात) के मृत्यु दर में पिछले एक साल में दो प्रतिशत तक की कमी आई है। नवजातों के मृत्यु दर में यह कमी राज्य के एसएनसीयू में डिस्चार्ज रेट में बढ़ोतरी और दी जाने वाली सुविधाओं में बढ़ोतरी के कारण एक वर्ष में 5 से 3 पर आ गयी है। अभी मई माह तक राज्य में डिस्चार्ज रेट 83 प्रतिशत से बढ़कर 85 प्रतिशत हो गया है। वर्ष 2024-25 के मई माह तक कुल 5 हजार 568 बच्चे एसएनसीयू में भर्ती हुए थे। अर्थात एसएनसीयू के निर्धारित बेड के 84 प्रतिशत बेड पर शिशु भर्ती रहे। डिस्चार्ज रेट को और बढ़ाने का लक्ष्य स्वास्थ्य विभाग की हाल में हुई एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में एसएनसीयू के कार्य को खूब सराहा गया एवं वहां वर्तमान के डिस्चार्ज रेट को 85 प्रतिशत से ज्यादा करने एवं एसएनसीयू के तहत रेफरल केस को 10 प्रतिशत से कम करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक के दौरान एसएनसीयू में सांस की समस्या के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सी-पैप मशीन की उपलब्धता एवं उसकी क्रियाशीलता को सभी एसएनसीयू में अनिवार्य करने का भी निर्देश दिया गया है। नवजातों के स्वास्थ्य की छत्रछाया है एसएनसीयू स्पेशल न्यू बार्न केयर (एसएनसीयू) यूनिट जिला अस्पताल इकाइयों में स्थित नवजातों के लिए विशेष अस्पताल होते हैं। अपनी स्थापना से ही एसएनसीयू राज्य में नवजातों के लिए असरदायक और फलदायक सिद्ध हो रही है। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एवं एसएनसीयू हाजीपुर में नर्सिंग मेंटर सुनीता कुमारी के अनुसार, नवजातों को स्वास्थ्य की छत्रछाया देने वाली यह अस्पताल इमरजेंसी सेवा से भी लैस होती है। 24 घंटे सेवा देने वाली इस स्वास्थ्य इकाई में विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्स और पारामेडिकल स्टॉफ की मौजूदगी होती है। यहां जीरो से 28 दिन तक के बच्चों का उपचार निशुल्क किया जाता है। मुख्यतः एसएनसीयू में कम वजनी बच्चे, सांस लेने में तकलीफ वाले बच्चे, जांडिस या इमरजेंसी केयर वाले बच्चों का समुचित उपचार किया जाता है।

## खगौल नगर परिषद के नए कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार ने पदभार संभाले



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। खगौल नगर परिषद के नये कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार ने पदभार संभाला। इसके साथ ही मुख्य पार्षद सुजीत कुमार पूर्व मुख्य पार्षद सुनील कुमार समेत पार्षद व कर्मियो ने नये कार्यपालक पदाधिकारी का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य पार्षद सुजीत कुमार ने कहा कि नये कार्यपालक पदाधिकारी से खगौल के विकास कार्य में और तेजी लाते हुए जनता के हित में कार्य करेगे। ये मेरा विश्वास है। कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार ने कहा कि खगौल को सुंदर व स्वच्छ बनाने के दिशा में कार्य करना हमारा संकल्प होगा। आप लोगो को सहयोग आवश्यक है। उधर कन्हैया कुमार ने कहा कि खगौल मे कार्य करने में सभी का सहयोग मिला। इस मौके पर पार्षद पूर्व पार्षद प्रशांत कुमार सिंह, आरती कुमारी, पूनम देवी, पिंटू कुमार, महेंद्र सिंह, अमरिंदर सिंह, अनिल कुमार, मनोज कुमार बाबा अशोक शर्मा व नगर परिषद के तमाम कर्मी उपस्थित थे।

## वर्तमान में प्रासंगिक है सद्गुरु कबीर की वाणी : मंहत ब्रजेश मुनि महाराज



प्रात :किरण संवाददाता

पटना/ फतुहा। कबीरपंथी आश्रम मीठापुर स्थित कबीर साई मंदिर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन मंहत ब्रजेश मुनि महाराज जी के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सद्गुरु कबीर का जीवन दर्शन वर्तमान में जाति धर्म के भेदभाव से मुक्त समरस समाज निर्माण के लिए प्रासंगिक और व्यावहारिक है इसलिए कबीर दर्शन का अधिकाधिक प्रचार होना चाहिए। सद्गुरू कबीर साहेब ने अंधविश्वास आडम्बर को मिटाकर सत्य नाम को धारण करके धर्म इहलोक और परलोक को सुधारने की सीख देने की, जीवन जीने की राह बताता है। कबीर साहेब ने कहा था कि दूसरों के दुगुर्णों को नहीं देखना चाहिए सबमे सगुण ही देखना चाहिए। ह्लबुरा जो देखन मैं चला बुरा न मिलाया कोई, जो दिल खोजा अपना मुझसा बुरा न कोईह्व। इस अवसर पर सत्संग में उपस्थित कबीर साईं डेन्टल हास्पिटल के डॉ. इंद्रजीत कुमार एवं डॉ. कुणाल कुमार ने कहा कि मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए हमेशा मुंह को साफ करना चाहिए। खाना खाने के बाद भी ब्रश करना चाहिए। स्वस्थ व्यक्ति ही समाज को सुधार सकता है। मौके पर रूबी प्रधान, रिंकू सिंह, रेनू भारती, चन्द्रेश्वर गजेंद्र झा, कमलेश पासवान ने भजन गाकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। तत्पश्चात आरती कर महाप्रसाद का वितरण किया गया।

## बारिश में खुला मेनहोल लोगों के लिए बना खतरा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अब जबकि झमाझम बारिश का दौर शुरू हो चुका है, मगर नगर निगम अब भी बेपरवाह बना है। सिटी में अनेक एरिया में नाला का ढक्कन खुला है, मगर इस ओर नगर निगम के सफाई निरीक्षक और पर्यवेक्षक का कोई ध्यान नहीं है। वार्ड 60 के बरकत खां का अखाड़ा की स्थिति भी ठीक नहीं है।

काफी दिनों से यहां चैंबर टूटा हुआ है। यह बीच रास्ता में है। वाहन से लेकर लोगों को आने-जाने में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मगर नगर निगम के अजीमाबाद अंचल का कोई ध्यान नहीं है। दोनों संबंधित वार्ड के सफाई निरीक्षक और पर्यवेक्षक भी यदि इस पर ध्यान देते तो शायद खुले मेनहोल में ढक्कन लगा दिया गया होता। यही स्थिति बाड़े की गली की भी है। इधर वार्ड 57 के मितन घाट की है। खानकाहे मुनेमिया के पास चेंबर उठा कर नाली की सफाई की गई थी, मगर ढक्कन को ठीक से नहीं लगाया गया है।

जब वाहन उस रास्ते से गुजरता है, तो ढक्कन हिलते हुए आवाज करता है। इससे उसके टूटने या वाहन के दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। दूसरी ओर नगर निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक और सफाई निरीक्षक का कहना है कि ढक्कन जब भी टूटता है, तो उसे लगाया जाता है, मगर बने लोहे के ढक्कन को भी नशेड़ियों के द्वारा चोरी कर लिया जाता है और उसे औने-पौने भाव में लोहे को बेच दिया जाता है। आखिर कितनी बार ढक्कन को लगाया जाए।



- वार्ड 60 के बरकत खां का अखाड़ा, एनबी रोड-कमला देवी मंदिर लिंक गली, वार्ड 57 के तुलसी मंडी में खुला

## नव्या के तहत 1111 बच्चियों को नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन 6 जुलाई को

प्रात :किरण संवाददाता



बिहार की महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाली स्वयंसेवी संस्था गुलमोहर मैत्री जो कि कैंसर को हराने की मुहिम को लेकर टीकाकरण अभियान चला रही है। संस्था की महत्वाकांक्षी योजना नव्या के तहत एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह बच्चियों को दिसंबर 2025 तक ल्ढश वैक्सीनेशन देने का लक्ष्य रखा गया है। यह वैक्सीनेशन सर्विकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करती है। इस अभियान के तहत बिहार ही नहीं पूरे भारतवर्ष में पहली बार एक दिन में 1111 (एक हजार एक सौ ग्यारह ) बच्चियों को टीका लगाया जाएगा। गुलमोहर मैत्री संस्था की सचिव मंजू सिन्हा ने बताया कि पहली बार इतनी बड़ी संख्या में टीकाकरण दिया जाएगा। संस्था द्वारा 2020 से टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह टीका 9 से 14 वर्ष की बच्चियों को दी जाएगी । पहला डोज 6 जुलाई को पटना के ज्ञान भवन के सभागार में दी जाएगी । दूसरा छठी माह पर दी जाएगी । कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ मंत्री मंगल पांडे भी मौजूद रहेंगे। सचिव मंजू सिन्हा ने कहा कि सर्वीकल कैंसर की समस्या आमतौर पर परिवार में जानकारी और जागरूकता अभाव के कारण होतीहै। संस्था के जनसंपर्क प्रबंधक हरि ओम उत्तम ने कहा कि इसके लिए जरूरतमंद बच्चियों का निबंधन किया जा रहा है।

## गुरु गोविंद सिंह पथ में डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक हुआ दुर्घटनाग्रस्त

### रोड डिवाइडर का रंग-रोगन नहीं, रेडियम या फ्लेक्स भी नहीं लगा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



चौक थाना क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह पथ के डिवाइडर के बीचो-बीच जाकर एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना गुरुवार अल सुबह की है। ट्रक पर रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 11एच 1085 लिखा था। दरअसल बारिश के बीच संभवतः चालक उस डिवाइडर को नहीं देख पाया। इसी कारण से हादसा हुआ होगा। इसे देखने के लिए सुबह-सुबह टहलने वाले लोगों की भीड़ लग गई। डिवाइडर के बीच ट्रक के होने के कारण रुक-रुक कर जाम की समस्या की बनती रही। बाद में क्रेन की व्यवस्था कर उक्त ट्रक को हटा कर किनारे किया गया। इसके बाद यातायात सामान्य हो पाया। दरअसल गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ पर दो स्थान पर सड़क के बीचोबीच डिवाइडर बना है, मगर इस पर कोई रेडियम या फ्लेक्स नहीं लगाया गया है। इस कारण से रात में लोड शेडिंग होने या भारी बारिश के बीच डिवाइडर होने का पता ही नहीं चल पाता है। इस कारण से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ट्रक के भी डिवाइडर के बीचोबीच टकराने के पीछे भी यह एक बड़ा कारण है। जब गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 350वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा था, तो उस वक्त के डीएम रहे संजय अग्रवाल के समक्ष इस समस्या को रखा गया था। तब गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ और सुदर्शन पथ के नालापर स्थित डिवाइडर को रंगा गया और उस पर रेडियम और फ्लैक्स पथ निर्माण विभाग के द्वारा लगवाया गया था। अब वह सब मिट और उखड़ चुका है।

## ऑपरेशन समय पालन के तहत चेन पुलिंग करने वाले लोग हिरासत में लिए गया

- ऑपरेशन महिला सुरक्षा के तहत महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 892 पुरुष यात्री लिए गए हिरासत में

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है । इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन ह्यह्यसमय पालनह्यह्य के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब ना हो । मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने जानकारी दिया है कि ऑपरेशन समय पालन के तहत पिछले माह के 15 जून से 30 जून तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 471 लोगों को हिरासत में लिया गया । इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई । ऑपरेशन ह्यह्यसमय पालनह्यह्य के तहत इस दौरान सर्वाधिक 218 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 98, सोनपुर मंडल में 72, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 48 तथा धनबाद मंडल में 35 लोगों को हिरासत में लिया गया ।

इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन ह्यह्यमहिला सुरक्षाह्यह्य के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया । ऑपरेशन ह्यह्यमहिला सुरक्षाह्यह्य मे तहत इस अवधि में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 892 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया । इनमें सर्वाधिक 499 लोग दानापुर मंडल में जबकि सोनपुर मंडल में 235, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 81 तथा समस्तीपुर मंडल में 77 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया ।

## स्टेज चार के कैंसर का हुआ सफल इलाज

### पूरे शरीर में फैल चुका था कैंसर, जीवन की आशा छोड़ चुकी थी महिला



- विभागाध्यक्ष वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक आनंद की देखरेख में चली इम्यूनो थेरेपी

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। 45 वर्षीय महिला के गॉल ब्लाडर का कैंसर जब पूरे शरीर में फैल गया और उन्हें जीने की कोई उम्मीद नहीं बची तो पारस एचएमआरआई ने उन्हें एक नई जिंदगी दे दी। दरअसल, मरीज का कैंसर स्टेज चार में पहुंच गया था और कैंसर पूरे शरीर में फैल गया था। उन्होंने जीने की आशा छोड़ दी थी। अंतिम उम्मीद के साथ वह पारस एचएमआरआई, पटना पहुंची। यहां सभी तरह की जांच के बाद मेडिकल ओंकोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक आनंद की देखरेख में उनका इलाज शुरू हुआ। उन्होंने इम्यूनो थेरेपी से उनका इलाज शुरू किया। करीब छह महीने लगातार इलाज के बाद उनका कैंसर पूरी तरह से खत्म हो गया। दोबारा जांच किया गया तो उनके शरीर में कोई कैंसर नहीं मिला। उन्हें किसी तरह की सर्जरी नहीं करानी पड़ी। मरीज अब बहुत बेहतर महसूस कर रही हैं। वह सामान्य जीवन जी रही हैं। फिलहाल उनका मेंटनेंस थेरेपी चल रहा है। डॉ. अभिषेक ने बताया कि कैंसर का इलाज जितनी जल्दी शुरू हो, उसकी सफलता दर उतनी अधिक होती है। हालांकि टारगेट थेरेपी और इम्यूनो थेरेपी जैसी नई पद्धति स्टेज चार में आने वाले मरीजों के इलाज में भी कारगर साबित हो रही है। इसलिए मरीजों को हिम्मत नहीं छोड़नी चाहिए। पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि पूरे बिहार में इम्यूनो थेरेपी से सबसे ज्यादा इलाज पारस एचएमआरआई में होता है। डॉ. अभिषेक आनंद बिहार के जाने-माने कैंसर रोग विशेषज्ञ हैं और इम्यूनो थेरेपी और टारगेट थेरेपी पर देश-विदेश में उनके कई शोध प्रकाशित हो चुके हैं। इस तरह के इलाज के लिए जरूरी सभी तकनीकी उपकरण एंव विशेषज्ञ डॉक्टरों की पूरी टीम पारस एचएमआरआई में उपलब्ध हैं। पारस एचएमआरआई के बारे में पारस एचएमआरआई, पटना बिहार में 2013 से कार्यरत है। पारस एचएमआरआई में एक ही स्थान पर सभी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमारे पास एक आपातकालीन सुविधा, तृतीयक और चतुर्धातुक देखभाल, उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ चिकित्सा केंद्र है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है।

## डायनेमिक वेबसाइट का हुआ उद्घाटन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना स्थित राजकीय संस्कृत महाविद्यालय के मुख्य द्वार और डायनेमिक वेबसाइट का उद्घाटन वृहस्पतिवार (04 जुलाई) को कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडे ने किया। उद्घाटनोंपरांत प्रो. लक्ष्मी निवास पांडे कहा कि पटना के राजकीय संस्कृत महाविद्यालय का चौमुखी विकास हो रहा है, इसके लिए मैं अपनी शुभकामना देता हूं। उन्होने उपस्थित स्थानीय लोगों से संस्कृत के विकास के लिए उचित योगदान देने का आश्वासन दिया। उक्त अवसर पर वार्ड पार्षद कैलाश प्रसाद यादव, प्रो उमेश शर्मा, डॉ मनोज कुमार, डॉ ज्योत्सना, डॉ विवेकानंद पासवान, डॉ विनिता सुप्रिया, डॉ उपेंद्र चौधरी, डॉ अनिल कुमार झा, डॉ सुजीत सौरभ सहित अनेक विद्याविद उपस्थित थे। उक्त अवसर पर कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडे चंदन वृक्ष का रोपण भी किया। कार्यक्रम में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता अजय कुमार सिंह, अरुण कुमार, विजय कुमार ठाकुर, श्याम सुंदर सिंह, काजीपुर स्लम की रजनी सहित अनेक लोग उपस्थित थे। लोगों ने संस्कृत संभाषण एवं प्रचार प्रसार के लिए महाविद्यालय के योगदान की सराहना की।

## पीपा पुल से टकराई नाव, कोई हताहत नहीं

फतुहा। गुरुवार की सुबह यात्रियों से भरी नाव कच्ची दरगाह से रुस्तमपुर दियारा जा रही थी। तेज बहाव के कारण बीच नदी में यह हादसा हुआ। लोगों का कहना है कि नाव पर कई शिक्षक सवार थे। वह स्कूल जा रहे थे। हादस के कारण वह समय से स्कूल नहीं पहुंच पाएं। गंगा नदी में पीपा पुल से नाव टकरा गई। टक्कर लगते ही यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। नाव का संतुलन बिगड़ते देख यात्री पीपा पुल पर किसी तरह चढ़ गए। लोगों का कहना है कि पानी की तेज बहाव के कारण नाव का संतुलन बिगड़ गया और देखते ही देखते वह पीपा पुल से टकरा गई। हालांकि जानमाल को नुकसान नहीं पहुंचा। घटना कच्ची दरगाह से रुस्तमपुर दियारा के बीच की है। जलस्तर बढ़ जाने के कारण पीपा पुल पर आवागमन बंद कर दिया बताया जा रहा है कि दो दिन पूर्व गंगा का जलस्तर बढ़ जाने के कारण पीपा पुल पर आवागमन बंद कर दिया गया है। पीपा पुल को खोला जा रहा है। पुल का कुछ पार्ट ही खुल पाया था इसी बीच यह हादसा हो गया। पीपा पुल पर आवागमन बंद होने के कारण नाव ही एकमात्र लोगों का एक मात्र साधन बच गया है। इस रास्ते के बंद हो जाने से लगभग साढ़े तीन लाख लोगों का आवागमन नाव के सहारे हो रहा है।

## आम रेल यात्रियों की सुविधाओं हेतु कोच उत्पादन की वृद्धि पर भारतीय रेल का विशेष ध्यान



- 2024 और 2025 के दौरान 10,000 नॉन-एसी कोचों का किया जायेगा निर्माण

प्रात :किरण संवाददाता

पटना/ नई दिल्ली। आम रेल यात्रियों के जीवन को आसान बनाने के लिए, भारतीय रेलवे ने अगले दो वर्षों के लिए लगभग 10,000 नॉन-एसी कोचों के उत्पादन की योजना बनाई है। वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान, लगभग 10000 कोचों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिनमें रिकॉर्ड संख्या में 5300 से अधिक सामान्य कोच होंगे । वित्त वर्ष 2024-25 में, रेलवे द्वारा अमृत भारत जनरल कोचों सहित 2605 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोचों सहित 1470 नॉन एसी स्लीपर कोच, अमृत भारत एसएलआर कोचों सहित 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 55 पेंट्री कार के निर्माण की योजना है । वित्त वर्ष 2025-26 में, रेलवे द्वारा अमृत भारत जनरल कोच सहित 2710 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच सहित 1910 नॉन एसी स्लीपर कोच, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 514 एसएलआर कोच, 200 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 110 पेंट्री कार के निर्माण की योजना है । रेल सेवा की मांग डायनेमिक है और समय-समय पर यात्रियों की संख्या के आधार पर घटती एवं बढ़ती रहती है। मांग की इसी आधार पर कोचों की आवश्यकतानुसार वार्षिक कोच उत्पादन कार्यक्रम बनाएं जाते हैं ।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की 7 मोटर साईकिल के साथ 5 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने चोरी की मोटरसाईकिल की खरीद -बिक्री करने वाले गिरोह के 5लोगों को गिरफ्तार किया है।इस क्रम में चोरी की 5मोटर साईकिल भी बरामद की गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कॉटी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशी हरपुर होरिल के रास्ते से एक लड़का चोरी की मोटरसाईकिल का क्रय-विक्रय करने वाला है। प्राप्त सूचना के आधार पर कॉटी थाना की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की एक मोटरसाईकिल के साथ अपराधकर्मी करण कुमार पिता विरजू साह ग्राम छपरा मनोरथ को गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार अपराधकर्मी की निशानदेही पर शेरूकाही बजार स्थित मंजूर के गैरेज पर छापामारी कर, मो० मंजूर पिता मो० वहीद साह ग्राम सोती भेड़ियाही को चोरी की 04 मोटरसाईकिल एवं मोटरसाईकिल के खुले हुए पार्ट के साथ गिरफ्तार किया गया। पुनः गिरफ्तार दोनो अपराधकर्मियों की निशानदेही पर झिटकाही मधुबन में कबाड़ के दुकान में छापामारी की गई जहां से . मुन्नीलाल पंडित पिता राम वृक्ष पंडित ग्राम झिटकाही मधुबन, मो० शमसेर पिता स्व० समीर ग्राम वकटपुर, एवं अमन कुमार पिता सुरेश साह ग्राम मुबारकपुर सभी थाना कॉटी को चोरी की 2 मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

### आकाश में बादल मंडराते ही बिजली गायब

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र में आकाश में बादल मंडराते ही बिजली गायब हो गई। एक सप्ताह पूर्व से दिन में एक-दो घंटे एवं रात में कभी-कभी एक-दो घंटे के लिए बिजली आ जाती थी। जिसे विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर बिजली काटे जाने की बात कही जा रही थी।परंतु तीन दिनों से जैसे ही लगातार बारिश शुरू हुई 24 से 36 घंटे तक लगातार बिजली गायब रहती है। जिससे बारिश और कीचड़ के साथ-साथ अंधेरे के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वही पानी की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। लगातार बिजली गायब रखने के कारण लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। वहीं क्षेत्रीय विद्युत अभियंता द्वारा आम लोगों का फोन नहीं के बराबर उठाया जाता है। अगर धोखा से कभी फोन उठ गया तो 33 फेल होने की बात कह कर जल्द चालू करने की बात कहकर फोन काट दिए जाते हैं। बिजली की व्यवस्था से लोग तंग आ चुके हैं। तथा विभाग पर कोसते हुए किसी तरह समय को बिताते हैं।

### लगातार बारिश से कई घरों में घुसा पानी

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के विभूतिपुर पूरब पंचायत के वार्ड 11 दलित एवं अल्पसंख्यक बस्ती में लगातार हो रही बारिश के कारण कई घरों में पानी घुस गया है। वहीं सड़कों पर भी जल जमाव हैं। लोजपा नेता शेखर प्रसाद सिंह ने बताया कि यह समस्या पहली बार नहीं बल्कि विगत कई वर्षो से बनी हुई है। समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी को लिखित जानकारी भी दिया गया फिर भी जल निकासी का कोई व्यवस्था अभी तक नहीं किया गया है। सड़कों पर जल दबाव के कारण स्थानीय लोगों के साथ-साथ खासकर के स्कूली छात्र छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जल जमाव के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है जिससे स्थानीय लोगों में बीमारी का डर भी सता रहा है। वैसे तो प्रखंड क्षेत्र कई सड़कों पर लगातार बारिश के कारण जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। सिंघिया से प्रखंड मुख्यालय जाने वाली सड़क में ब्रह्म स्थान के निकट पानी लगी हुई है। वही कल्याणपुर से खोकसाहा जाने वाली सड़क पर 2 फीट से अधिक पानी लगी हुई है। दलसिंहसराय से सिंघिया घाट जाने वाली एस एच 88 पर कल्याणपुर बैंती पार में भी जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। प्रखंड क्षेत्र के मुख्य सड़क के अलावे गांव की सभी सड़कों पर जल जमाव से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### खजौली थाना में मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के पालिमोहन दफादार टोल गांव निवासी मोमिना खातून ने स्थानीय थाना में मारपीट की प्राथमिकी दर्ज कराया गया है. वादनी मोमिना खातून ने प्राथमिकी आवेदन में आरोप लगाया है कि गांव के ही मो. एबरार अपने वाइक से मेरी पोती रौनक खातून उम्र - 3 वर्ष को ठोकर मारने से बुरी तरह जख्मी हो गया.इस दुर्घटना को लेकर वादनी मोमिन खातून ने वाइक चालक को डॉट फटकार करने पर मो.महताब, सहाबुद्दीन, मो.नेजमा सहित अन्य लोगो द्वारा मुझे पकड़ कर जमीन पर घसीटते हुए लाठी,डंडा, लोहे का रॉड से मारपीट कर घायल कर सीने का हड्डी को तोड़ दिया गया.वही घायल अवस्था मे सीएचसी खजौली में भर्ती कराया गया.सीएचसी में मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज करके बेहत्तर इलाज को लेकर सदर हास्पिटल रैफर कर दिया गया.वही थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि वादनी के आवेदन के आलोक में मारपीट की प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दिया गया है.

# जिलाधिकारी ने किया आकांक्षी जिला कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन द्वारा संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी जिला कार्यक्रम, आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम का शुभारंभ समाहरणालय सभागार में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम अन्तर्गत 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक संपूर्णता अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत 6 सूचकांक जो आकांक्षी जिला से संबंधित है एवं 6 सूचकांक आंकाक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम से संबंधित है, दोनों स्तर पर 30 सितम्बर तक शत-प्रतिशत परिपूर्णता हासिल करना है। संपूर्णता अभियान के तहत मुशहरी प्रखण्ड को आकांक्षी प्रखण्ड के रूप में चयनित किया गया है, जहां 6 इंडिकेटर को फोकस कर प्रखण्ड में आगामी तीन माह के भीतर शत-प्रतिशत परिपूर्णता हासिल करना है। इनमें प्रसव पूर्व देखभाल पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, मधुमेह की जांच कराने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत, उक्त रक्तचाप के लिए जांचे गये व्यक्तियों का प्रतिशत पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत ,मृदा स्वास्थ्य कार्डों का प्रतिशत एवं रिवाल्विंग फंड प्राप्त करने वाले स्वयं सहायता समूहों का प्रतिशत शामिल हैं।उक्त 06 सूचकांक को टारगेट कर संपूर्णता अभियान का मुशहरी प्रखण्ड स्तर पर 5 जुलाई को शुभारंभ किया जायेगा तथा मुशहरी प्रखण्ड के सभी पंचायतों में इस कार्यक्रम का शुभारंभ 6 जुलाई को किया जायेगा। इस समारोह में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सी.डी.पी.ओ., प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, जीविका आदि को शामिल कर अभियान को गति प्रदान करते हुए आगामी तीन माह के भीतर 6 इंडिकेटर में शत-प्रतिशत परिपूर्णता हासिल किया जायेगा। इस अभियान को सफल बनाने हेतु प्रखण्ड स्तर पर साप्ताहिक बैठक करने, प्रगति की समीक्षा कर अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। जिला स्तर से भी प्रखण्ड की पाक्षिक समीक्षा कर कार्य में तेजी लायी जाएगी। इसी तरह संपूर्णता अभियान के अन्तर्गत आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत 06 इंडिकेटर को फोकस किया गया है तथा 04 जुलाई से 30 सितम्बर तक शत-प्रतिशत परिपूर्णता हासिल कर लेना है।इनमें प्रसव पूर्व देखभाल पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत,पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत,पूर्णतः प्रतिरक्षित बच्चों का प्रतिशत,मृदा स्वास्थ्य कार्डों की संख्या,माध्यमिक स्तर पर विद्युत सुविधा वाले विद्यालयों का प्रतिशत एवं बच्चों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करानेवाले विद्यालयों का प्रतिशत शामिल है। जिला पदाधिकारी ने आज जिला स्तर पर संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्य योजना के अनुरूप जमीनी स्वरूप प्रदान करने तथा शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का सख्त निर्देश दिया है।

# डीएम, एसएसपी ने लिया अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियों का जायजा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्थानीय चक्कर मैदान में 10 जुलाई से अग्निवीर भर्ती रैली का सफल एवं सुचारू संपादन सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने बुधवार को अधिकारियों की टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। बरसात के मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी ने वर्षारोधी पंडाल लगाने तथा ट्रैक पर पर्याप्त मात्रा में बालू बिछाने का निर्देश भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया। उन्होंने मैदान में जल जमाव को दूर करने तथा नियमित साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रखने का निर्देश नगर आयुक्त को दिया। यद्यपि जिला पदाधिकारी द्वारा अग्निवीर भर्ती रैली के सफल आयोजन हेतु समाहरणालय में अधिकारियों के साथ पूर्व में ही बैठक की जा चुकी है तथा संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने दायित्व के ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जा चुका है। जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार संबंधित अधिकारियों के द्वारा सक्रिय एवं तत्पर होकर कार्य भी किए जा रहे हैं।इसके तहत मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति, विधि व्यवस्था संधारण तथा भर्ती रैली के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति, हेल्प डेस्क की स्थापना, पेयजल शौचालय की व्यवस्था आदि की व्यवस्था की गई है।जिला पदाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, नगर पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित, सहायक समाहर्ता आकांक्षा आनंद, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी अमित कुमार सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# प्रभारी मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उप मुख्यमंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने समाहरणालय सभागार में बुधवार को जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की समीक्षात्मक बैठक की। इसके तहत उन्होंनेआपदा प्रबंधन, जल संसाधन, एईएस, लघु सिंचाई, तिरहुत नहर प्रमंडल, स्वास्थ्य, शिक्षा,पंचायत, पीएचईडी, डीआरडीए, पुल निर्माण निगम,ग्रामीण कार्य, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण, आईसीडीएस, आपूर्ति, जीविका, उद्योग, खनन,पशुपालन, खेल, आदि विभागों के कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए उपर्युक्त सभी योजनाओं कीप्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विभागीय दिशा निर्देश दिया एवं जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाते हुए पूरी जबावदेही एवं निष्ठा से कार्य योजनाओं को समय पर पूरा करने की बात कही । बैठक में पावर प्वाइंट प्रजेटेंशन के माध्यम से सभी विभागों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा योजनाओं की अद्यतन स्थिति एवं उपलब्धि के संदर्भ में स्थिति स्पष्ट की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने शहर को स्वच्छ, सुन्दर एवं स्वस्थ बनाये रखने के लिए जल निकासी, छिड़काव, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था सु.ढ़ करने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध खनन को रोकने हेतु नियमानुकूल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश जिला खनन पदाधिकारी को दिया। बैठक में विधायक मीनापुर राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव, विधायक पारू अशोक कुमार सिंह, गायघाट विधायक निरंजन राय, महापौर निर्मला साहु, जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, एसएसपी राकेश कुमार, उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, नगर आयुक्त नवीन कुमार, सहायक समाहर्ता डॉ. आकांक्षा आनंद, अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन मनोज कुमार, अपर समाहर्ता विधि-व्यवस्था सुधीर कमार सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण मौजद थे।

# बाढ़ के मुद्दे पर सांसद के पहल को एनडीए नेताओं ने सराहा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।बाढ़ के स्थाई निदान के लिए दरभंगा के भाजपा सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने जिस तरह संसद में देश के पीएम नरेंद्र मोदी जी को विस्तार से ध्यान आकृष्ट कराया है वह दरभंगा ही नही अपितु संपूर्ण उत्तर बिहार को।आने वाले समय में सुखद परिणाम देगा। सैकड़ों वर्षों से बाढ़ की विभीषिका से निजात के लिऐ संसद डा ठाकुर की पहल और प्रयास की जितनी तारीफ की जाय वह कम है । सांसद के पहल का ही नतीजा है की पीएम ने इस मुद्दे पर एक उच्च स्तरीय कमिटी का गठन कर मिथिला को हर तरह से सक्षम बनाने की अपनी प्रतिबद्धता स्पस्ट कर दी है। दरभंगा सहित मिथिला के एनडीए नेताओ ने इस पहल के लिए सांसद को साधुवाद देते हुए कहा है मिथिला को बाढ़ से निजात के लिए आजादी से अभी तक भाजपा को छोड़कर किसी सरकार ने इमानदारी से पहल नहीं किया जबकि शपथ ग्रहण के तुरंत बाद दरभंगा के सांसद डा ठाकुर ने मामले की गंभीरता से पीएम मोदी को अवगत कराया जिसपर पीएम ने त्वरित पहल कर उच्च स्तरीय कमिटी का गठन का मार्ग प्रशस्त कर दिया जो मिथिला के लिए वर्धन साबित होगा। संसद के पहल पर पीएम मोदी जी के प्रयासों को दुगार्मी और प्रभावी निर्णय बताते हुए एनडीए नेताओ ने कहा कि यदि बाढ़ का स्थाई समाधान हो जता है तो यहां के आठ करोड़ लोगों का रोजगार सृजन की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा तथा यहां से पलायन पर रोक लगेगी।सांसद को साधुवाद देने बालों में पूर्व विधायक अमरनाथ गामी जिलाध्यक्ष जीबच्छ सहनी महामंत्री अभयानंद झा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बालेंदु झा किसान मोर्चा के विनय पासवान किसान मोर्चा के संजय सिंह महिला मोर्चा की सपना भारती आदि शामिल है

# विभूतिपुर प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति अगले आदेश तक निलंबित

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर विभूतिपुर प्रखंड स्तरीय मत्स्य सहयोग समिति को अगले आदेश तक निलंबित किया गया है। पत्र माध्यम से जिला सहकारिता पदाधिकारी सफदर रहमान ने बताया की कई बार विभूतिपुर प्रखंड स्तरीय मात्स्यजीवी सहयोग समिति की बैठक बुलाने के लिए प्रतिवेदित किया गया। लेकिन सहयोग के मंत्री द्वारा बैठक नहीं बुलाई गई तथा मंत्री द्वारा कुछ कागजात की छाया प्रति मांग किया गया। जिसे उपलब्ध कराते हुए पुनः बैठक बुलाने की अनुरोध किया गया। बार-बार प्रयास के बावजूद भी मंत्री के द्वारा बैठक नहीं बुलाई गई। बैठक की तिथि निर्धारित नहीं करने पर 21 मई को मंत्री के नाम पत्र निर्गत करते हुए 7 दिनों के अंदर अपना पक्ष रखने को कहा गया अन्यथा नियमावली में प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई के लिए निलंबन की चेतावनी भी दी गई। कोई प्रति उत्तर नहीं मिलने पर 26 जून को पत्र निर्गत करते हुए 48 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण की मांग किया गया। जो निर्धारित समय सीमा तक प्राप्त नहीं हुआ। अंत में बिहार सहकारिता अधिनियम के तहत विभूतिपुर प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीबी सहयोग समिति को अगले आदेश तक निलंबित किया गया। इस अवधि में क्रियाकलापों का निष्पादन प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी रामकुमार करेंगे। इसकी जानकारी संबंधित कार्यालय एवं पदाधिकारी को पत्र के माध्यम से दी गई है।

# लंबे अवधि के धान प्रभेद का किसान चौपाल में किसानों द्वारा विरोध

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर आत्मा समस्तीपुर द्वारा आयोजित खरीफ किसान चौपाल कार्यक्रम केराई वार्ड 05 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया चंद्रमणि प्रसाद सिंह ने किया। आत्मा से आए सत्य प्रकाश सिंह ने किसान को विभाग से अनुदानित मूल्य पर मिलने वाले खाद, बीज तथा कृषि यंत्र, डीजल पर मिलने वाली सब्सिडी पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि छोटी छोटी गलती के कारण लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाता। उपस्थित किसानों ने समय से बीज तथा कृषि यंत्र के लिए आवेदन की जानकारी से अनभिज्ञता जताई जिसपर मुखिया चंद्रमणि प्रसाद सिंह ने किसान सलाहकार अमरेश कुमार को इसकी सूचना समय से किसानों को उपलब्ध कराने के लिए कहा। किसानों ने लंबे अवधि के धान तथा मक्के का प्रभेद क्रमशः सवर्णा सब 1, सबौर श्री, डी एच एम 121 मिलने का कड़ा विरोध किया एवम् सुधार नहीं होने पर आंदोलन करने की बात कही। मुखिया चंद्रमणि प्रसाद सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में किसानों से प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने, अनुदानित मूल्य पर अच्छे किस्म के खाद एवम् बीज का उपयोग कर काम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने का आह्वान किया। मौके पर आत्मा से बी० टी० एम० चन्द्र प्रकाश, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मनोज कुमार, सूरज सिंह, वार्ड सदस्य संतोष कुमार, प्रगतिशील किसान के रूप में विरेन्द्र कुमार सिंह, उमेश प्रसाद सिंह, प्रमोद प्रसाद, योगेंद्र सिंह, सुखदेव सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं को लाभ



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में अंधराठाढ़ी के 47 गरीब भूमिहीन परिवारों के बीच गैर मजरूआ मलिक जमीन का बंदोबस्ती पर्चा का वितरण किया। ये सभी गरीब भूमिहीन परिवार अंधराठाढ़ी के जलसेन,मोजा एवं जमेला पंचायत के है। जिलधिकारी के हाथों भूमि का पर्चा पाकर उमा देवी, रंजू देवी, मल्ही देवी, पवित्री देवी, मुन्नी देवी, पूजा देवी, अमेरिका देवी ,मालती देवी, राधा देवी सहित सभी की आंखों में इसकी खुशी देखी जा सकती थी। उन्होंने इसको लेकर खुशी व्यक्त करते हुए सरकार को धन्यवाद भी दिया। जिलधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने कहा कि सरकार की सभी गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत लाभुकों तक पूरी सहजता के साथ पहुचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उक्त अवसर पर एडीएम शैलेश कुमार,डीसीएलआर चंदन कुमार, डीपीआरओ परिमल कुमार,सीओ अंधराठाढ़ी आदि उपस्थित थे।

# योग शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक विकास में सहायक है : प्रो. गोपाल साहू

## दर्शनशास्त्र विभाग में योग विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में ह्यसमग्र स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए योग विषय पर एक-दिवसीय सेमिनार का आयोजन विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह वक्ता के तौर पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रो गोपाल साहू ने कहा कि योग शारीरिक ,मानसिक और आध्यात्मिक विकास में समग्र रूप से कार्य करता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को योग के सरल स्वरूप से अवगत कराते हुए योग दर्शन के पारंपरिक परिभाषाओं और स्वरूपों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि योग तनाव से राहत देने, बेहतर नींद लाने, भूख और पाचन को बढ़ाने में सहायक है। सेमिनार के संयोजक डॉ राजीव कुमार ने योग के महत्व और उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देने के साथ ही दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ रुद्रकांत अमर ने कहा कि योग वर्तमान समय में सर्वाधिक प्रासंगिक और लाभकारी विषय है। उन्होंने बताया कि योग प्राचीन भारतीय ऋषि मुनियों और तत्त्ववेत्ताओं द्वारा प्रतिपादित एक विशिष्ट आध्यात्मिक प्रक्रिया है। योग वह युक्ति जिसके द्वारा चित्त की वृत्तियों का निरोध कर तनाव से मुक्त हुआ जा सकता है तथा इसके माध्यम से संसार सागर से पार भी जाया जा सकता है। मंच संचालन कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर डॉ संजीव कुमार साह ने की वहीं सेमिनार की सचिव डॉ प्रियंका राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में विभागीय शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# लालगंज बसंत जहानाबाद बांध का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर ।जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा द्वारा लालगंज बसंत जहानाबाद बांध का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि तटबंध की रोज निगरानी की जाए। इसे सुरक्षित करने के सारे उपाय किया जाए। महत्वपूर्ण स्थानों पर आपदा मित्रों की प्रतिनियुक्ति की जाए। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि यहां एसडीआरएफ टीम को भी प्रतिनियुक्त किया जाए। सारे बोट का निबंधन सुनिश्चित की जाए। कटाव निरोधक सामग्रियों एवं अन्य सामग्रियों का सत्यापन कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान एडीएम (आपदा) श्री अरुण कुमार सिंह, लालगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी तथा बाढ़ नियंत्रण के सहायक अभियंता मौजूद थे।

# क्राईम मीटिंग में पुलिस इंस्पेक्टर एवं थानाध्यक्षों को मिला आवश्यक निदेश

## लंबित कांड को यथा शीघ्र निष्पादित करने का दिया गया दिशा निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड मुख्यालय स्थित एसडीपीओ सदर 2 कार्यालय के सभागार में एसडीपीओ मनोज राम के नेतृत्व में पुलिस इंस्पेक्टर खजौली थानाध्यक्ष खजौली राजनगर कलुआही बाबूबरही के साथ क्राईम मीटिंग की. क्राइम मीटिंग के दौरान उपस्थित सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि लंम्बित कांड को तत्वरित निष्पादित करने का निर्देश दिया गया.उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा नये आपराधिक कानून को शत प्रतिशत लागू करने का निर्देश दिया गया,. उन्होंने उपस्थित थानाध्यक्ष को कहा कि आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने का निदेश दिया।

उन्होंने कहा कि दिवा गश्ती के दौरान दो पहिये एवं चार पहिये वाहनों की जांच करने का निदेश दिया।

दिवा, संध्या एवं रात्रि गस्ती को तेज करने, पूर्व के लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने, फरार वारंटियों की शीघ्र गिरफ्तारी, गिरफ्तार नहीं होने की स्थिति में कुर्की जब्ती की कार्रवाई करने का सख्त निदेश दिया. शराब धंधेबाजों पर कड़ी नजर रखने एवं शराब धंधेबाज के खिलाफ अभियान चलाकर उसे पकड़ने का निदेश दिया गया. मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर अभय कुमार, खजौली थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, राजनगर थानाध्यक्ष सचिन कुमार, कलुआही थानाध्यक्ष सपन कुमार, बाबूबरही थानाध्यक्ष चन्द्रमणि जी, रीडर देवेंद्र शर्मा उपस्थित थे।

# नीति आयोग के तहत लालगंज प्रखंड में संपूर्णता अभियान का किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

लालगंज। लालगंज प्रखंड में गुरुवार को नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान का शुभारंभ जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा, नीति आयोग के संयुक्त निदेशक मो. एस. एम. खान , लालगंज विधायक संजय कुमार सिंह प्रखंड प्रमुख सुधा देवी दिप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बिहार के 27 जिले के 61 प्रखंडों में से एक वैशाली जिले के लालगंज प्रखंड को भी नीति आयोग द्वारा आकांक्षी प्रखंड घोषित किया गया था। संपूर्णता अभियान जो 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक संचालित होना है। यह कार्यक्रम संपूर्ण अकांक्षी जिलों के लालगंज प्रखंड में संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 3 महीनों के अंदर सभी आकांक्षी जिला एवं प्रखंडों में आम जन जीवन से जुड़े स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक विकास, पोषण तथा कृषि क्षेत्रों के ऊपर रिपोर्ट तैयार किया जाएगा। जिसका जिलाधिकारी यशपाल मीणा के द्वारा आभियान की समीक्षा हर सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में किया जाएगा एवं नीति आयोग को इसका रिपोर्ट भेजा जाएगा।

ऐसे मे 90 दिनों में 100% कार्य का लक्ष्य प्राप्त करेगें लक्षय रखा गया हैं इस अवसर पर , आईसीडीएस, जीविका प्रखंड शिक्षा कार्यालय, कृषि कार्यालय, स्वास्थ्य केंद्र द्वारा स्टॉल लगाया गया। वही आपलोगो का स्वास्थ्य जांच किया गया। वही आईसीडीएस विभाग के स्टॉल पर जिलाधिकारी एवं विधायक ,नीति आयोग के डायरेक्टर के द्वारा गर्भवती महिला का गोद भराई की रस्म-अदायगी की गई। जिसका निरीक्षण जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने किया। इस मौके पर बाल विकास पदाधिकारी अलका कुमारी,शिक्षा पदाधिकारी अशोक सिंह,कृषि पदाधिकारी नवीन कुमार,रेफरल अस्पताल पदाधिकारी नवीन कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष गणेश राय, मुखिया सुधांशु कुमार,उमाशंकर पासवान,अलका देवी, समेत सैकड़ो लोग उपस्थित हुए।

# केन्द्रीय मंत्री का महुआ में कार्यक्रताओं और नेताओं ने किया भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

महुआ। केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर के भारत सरकार में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री बनने के उपरांत बिहार में प्रथम बार आगमन पर लक्ष्मी पैलेस विवाह भवन महुआ वैशाली में फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन अजय भूषण दिवाकर जिला अध्यक्ष, जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ वैशाली एवं प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय नाई समाज बिहार के द्वारा किया गया। इस मौके पर उपस्थित जदयू नेताओ एवम अखिल भारतीय नाई समाज से जुड़े सदस्यों के द्वारा केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर को फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री कुछ देर के लिए महुआ में रुके इस दौरान उन्होंने पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं से विभिन्न मुद्दों पर भी बातचीत की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष युवा दीपक कुमार, प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार सुमन,सरपंच रीता ठाकुर,सरपंच अरुण ठाकुर पूर्व समिति मुकेश ठाकुर ,नंदकिशोर ठाकुर जिला परिषद सदस्य मनोज ठाकुर एवं नथूनी ठाकुर, सत्यनारायण ठाकुर, अजीत ठाकुर, टुनी पासवान के अलावा सैकड़ों लोग इस मौके पर उपस्थित थे।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## वही कुछ खास हैं



यश पोद्दार

जो दूर है वह पास है,
जो पास है वह दूर है,
अजब है यह मोहब्बत,
अजब इसका दस्तूर है,
वह सामने है, फिर भी पास नहीं,
वह पास नहीं, फिर भी दूर नहीं,
जो सामने है उसकी परवाह नहीं,
जो दूर है क्यों उसी की आस है,
यह आंख का धोखा है,
या मन का विश्वास है,
या केवल एक अनुभूति है,
मिथ्या आभास है,
जो पास है वही प्रभु की कृपा है,
जो दूर है वह केवल तृष्णा है,
संतोष में ही व्यापक सुख समाया है,
जो नहीं वह केवल एक सपना है,
जिसका आधार आपकी कल्पना है,
सपने भी पूरे होंगे साकार,
अगर प्रेम में पावनता है,
अपनों से मधुर संचार है,
ह्रदय में बसी मानवता है,
प्रभु की करनी पर विश्वास है,
न कोई झूठी आस है,
समय का चक्र अविरल चलता है,
उम्र सभी की गुजरती है,
पर जो जीते हैं किसी मकसद से,
वही कुछ खास हैं।।

## झूठ और सच के बीच झूलती संसद

राकेश अचल

अठरहवीं संसद का पहला सत्र हालाँकि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया है, लेकिन देश ने देखा कि नयी संसद भी पुरानी संसदों की तरह झूठ और सच के बीच झूल रही है। संसद में यदि सदन के नेता सच नहीं बोल रहे तो विपक्ष के नेता भी झूठ का सहारा ले रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की गलतबयानी को सेना ने शहीद अग्निवीरों की दी जाने वाली आर्थिक सहायता देने वाले बयानों ने उजागर कर दिया है।

भारतीय संसद की कार्रवाई का जबसे टीवी पर सीधा प्रसारण शुरू हुआ है तब से शायद ऐसा कोई भी मौका होगा जब मैंने उसे न देखा हो। मै लगातार देख रहा हूँ कि संसद में लगातार झूठ बोलने की परम्परा चल पड़ी है। न सरकार झूठ बोलने से हिचकती है और न विपक्ष। सरकार को तो कदम-कदम पर झूठ का सहारा लेना पड़ता है। झूठ सुनने और कहने के लिए अभिशप्त देश की संसद आखिर करे तो क्या करे ? संसद में झूठ बोलना कानून और संसदीय प्रक्रिया के तहत अपराध है। संसद में झूठ बोलना संसद के विशेषाधिकार का दुरूपयोग भी है और हनन भी, लेकिन अभी तक इस कानून और व्यवस्था के तहत न किसी प्रधानमंत्री को और न किसी मंत्री को और न किसी विपक्षी नेता को दण्डित किया गया और न शायद किया जा सकेगा।

मुझे याद है कि कोविडकाल में कैसे तबके स्वास्थ्य मंत्री ने देश में कोविड से हुई मौतों, आक्सीजन की उपलब्धता और दवाओं की कमी के बारे में सफेद झूठ बोला था, लेकिन विपक्ष कुछ नहीं कर पाया। इसी तरह विपक्ष के अनेक नेता झूठ का सहारा लेकर सरकार पर वार करते आये हैं किन्तु किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी, क्योंकि सभी तो इस मामले में मौसेरे भाई है। इस मामले में मीडिया भी कम नहीं है। मीडिया ने भी संसद में सरकार और विपक्ष के झूठ को न कभी पकड़ने की कोशिश की और न उसे उजागर करने का कभी कोई भी जोखिम लिया।

लोग पूरी बेशर्मी से झूठ बोलते हैं। झूठ का सहारा लिए बिना न संसद चल रही है और न देश। झूठ किसी भी पक्ष का हो उसे पकड़ने के लिए, उजागर करने के लिए श्रम करना पड़ता है, लेकिन कोई ये तकलीफ उठाने के लिए तैयार नहीं है। देश और दुनिया ने देखा कि पिछले दिनों आम चुनाव के दौरान सरकार ने कितने बड़े-बड़े सफेद झूठों का सहारा लिया, बावजूद स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं कर पायी। यही हाल विपक्ष का हुआ, उसे भी सत्ता से मीलों दूर ठिठक जाना पड़ा, क्योंकि आखिर झूठ तो झूठ होता है। झूठ के पांव नहीं होते। आखिर झूठ कितना दौड़ सकता है ? बकौल गूगल गुरु -झूठ एक असत्य बयान के रूप में दिया गया एक प्रकार का धोखा है, जो विशेष रूप से किसी को धोखा देने की मंशा से बोला जाता है। प्रायः झूठ का उद्देश्य होता है किसी राज या प्रतिष्ठा को बरकरार रखना, किसी की भावनाओं की रक्षा करना या सजा या किसी के द्वारा किए गए कार्य की प्रतिक्रिया से बचना। झूठ बोलने का तात्पर्य कुछ ऐसा कहने से होता है जो व्यक्ति जानता है कि गलत है या जिसकी सत्यता पर व्यक्ति ईमानदारी से विश्वास नहीं करता और यह इस इरादे से कहा जाता है कि व्यक्ति उसे सत्य मानेगा. एक झूठा व्यक्ति ऐसा व्यक्ति है जो झूठ बोल रहा है, जो पहले झूठ बोल चुका है, या जो आवश्यकता ना होने पर भी आदतन झूठ बोलता रहता है।

हमारे पृथक बुंदेलखंड आंदोलन के संरक्षक और कांग्रेस के बड़े नेता तथा मंत्री रहे स्वर्गीय विठ्ठल भाई पटेल ने तो बॉबी फिल्म के लिए एक गीत ही ऐसा लिखा था जो जनता की जुबान पर युगों तक चढ़ा रहा। उन्होंने लिखा था कि -झूठबोले कौवा काटे, काले कौवे से डरियो दुर्भाग्य ये है कि हमारे यहां झूठ बोलने वाली सरकार हो या विपक्ष किसी काले कौवे से, किसी काले कानून से डरती ही नहीं है और 56 इंच का सीना फुलाकर झूठ पर झूठ बोलती जाती है। झूठ बोलने का सिलसिला हरि अनंत, हरि कथा अनंता की तरह अनंत है। गांधी जी झूठ बोलने के खिलाफ थे और शायद उन्होंने कभी झूठ का सहारा देश को आजाद करने के लिए नहीं लिया। हमारे यहां एक हरिश्चंद्र हुए थे जिन्हें सत्यवादी कहा जाता था। लेकिन इस विरासत पर हमने रत्ती भर गर्व नहीं है। हम लगातार झूठ पर झूठ बोलते जा रहे हैं और सत्य को आहत कर रहे हैं। ये सिलसिला न कांग्रेस के जमाने में रुका और न भाजपा के जमाने में। आगे किसका जमाना आएगा ये हमें मालूम नहीं।

इस मामले में मेरा भरोसा कीजिये कि मै प्रायः झूठ नहीं बोलता। जरूरत पड़ने पर जनहित में मैंने अनेक बार झूठ बोला है, लेकिन मेरा झूठ राहुल गांधी या मोशा की जोड़ी के झूठ की तरह कभी पकड़ा नहीं गया। मुझे अपने झूठ के लिए कभी शर्मशार नहीं होना पड़ा। जब हम बच्चे थे और हमने गांधी या सत्यवादी हरिश्चंद्र के बारे में ज्यादा कुछ नहीं जाना था तब भी हम आपस में कहते थे कि -झूठ बोलना पाप है, नदी किनारे सांप है यान हमारे संस्कारों में झूठ को कभी महत्ता नहीं दी गई। हमारे सनातन धर्म ग्रन्थ भी झूठ से दूर रहने कोई सीख देते रहे हैं। हम हमेशा गाते हैं कि -सजन रे झूठ मत बोलो, खुदा के पास जाना है। लेकिन हम न खुदा से डरते हैं, न ईश्वर से।

झूठ का कोई एक रंग नहीं होता। कोई झूठ सफेद होता है तो कोई काला, कोई सतरंगी भी होता है। आपने मुमकिन है कि हर तरह का झूठ सुना हो, लेकिन इस सदी के दो बड़े झूठ है। पहला कांग्रेस के जमाने में कहा गया झूठ गरीबी हटाओ का था दूसरा सबसे बड़ा झूठ मोदी युग में अच्छे दिन आएंगे का झूठ था। देश से न गरीबी हटी और न अच्छे दिन आये। आज भी देश में 90 करोड़ गरीब हैं। जबकि सरकार कहती है कि उसने पिछले दस साल में 25 करोड़ गरीबों को गरीबी से बाहर निकाला।

विज्ञान ने झूठ और सच को पकड़ने के लिए मशीन भी बनाई जिसे अंग्रेजी में लाय डिटेक्टर कहते है। लेकिन ये मशीन भी सौ फीसदी भरोसे की नहीं है। झूठ बोलने वाले दुर्दांत लोग इस मशीन को भी धोखा देने में कामयाब हो जाते हैं। जांच एजेंसियां इस मशीन का अक्सर इस्तेमाल करतीं है, लेकिन इस मशीन का इस्तेमाल आजतक किसी प्रधानमंत्री, मंत्री, सांसद या विधायक के झूठ को पकड़ने के लिए नहीं किया गया। सरकार को ईडी, सीबीआई के साथ ही अब लाय डिटेक्टर का इस्तेमाल भी विरोधियों को जेल की हवा खिलने के लिए करना चाहिए। सबसे पहले इसे जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर और बाद में सत्तारूढ़ दल के किसी भी नेता पर, राहुल गांधी पर आजमाया जा सकता है। झूठ के मामले में हमारे नेता सुधरने वाले नहीं है। सत्तापक्ष हो या विपक्ष झूठ बोलने से बाज आने वाला नहीं है, इसलिए सच तक पहुँचने के लिए अपना तीसरा नेत्र खोलने की कोशिश करते रहिये, अन्यथा आप झूठ के दंश से अपने आपको, आने वाली पीढ़ी को बचा नहीं पाएंगे।

## आगामी पांच वर्षों में भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण हो सकता है दुगना

**आज खुदरा निवेशक, देशी संस्थागत निवेशक, म्यूचूअल फंड, आदि द्वारा भारतीय शेयर बाजार में औसतन लगभग 1500 करोड़ रुपए के शेयरों की रोजाना खरीद हो रही है अर्थात प्रतिदिन 1500 करोड़ रुपए भारतीय शेयर बाजार में डाले जा रहे हैं, जिसके चलते ही विदेशी निवेशक संस्थानों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में शेयर बेचे जाने के बावजूद भारतीय शेयर बाजार पर कुछ बहुत बड़ा असर होता दिखाई नहीं दे रहा है अर्थात अब भारतीय निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार को अपने दम पर सम्हाल लिया है। अब, जब भारत में कई कम्पनियां अपनी विस्तार योजनाओं को लागू करने जा रही हैं अतः इन कम्पनियों के द्वारा नए शेयर, बाजार में जारी किए जाएंगे, जिन्हें खरीदने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशक भी अब से लगभग 6 माह बाद भारत में अपना निवेश वापिस लाएंगे। वर्ष 1993 से वर्ष 2013 तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लगातार खरीद कर रहे थे और देशी संस्थागत निवेशक लगातार बेच रहे थे। वर्ष 2014 के बाद से यह सब बदलने लगा क्योंकि 2015 में पहली बार केंद्र सरकार ने प्रॉविडेंट फंड को शेयर बाजार में निवेश की अनुमति दी थी। इसी प्रकार की अनुमति 401ङ योजना के अंतर्गत अमेरिका ने अपने प्रॉविडेंट फंड संस्थानों को वर्ष 1980 में दी थी। इसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में उच्छाल देखने को मिला था। अमेरिका में आज संस्थागत निवेशकों का लगभग 40 प्रतिशत भाग शेयर बाजार में निवेश रहता है जबकि भारत में यह अभी भी बहुत कम अर्थात लगभग 8 प्रतिशत ही है, इस प्रकार भारत को अभी तो बहुत आगे जाना है। भारत में पिछले वर्ष घरेलू बचत 70, 000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास थी, उसमें से केवल 5, 000 से 6, 000 करोड़ अमेरिकी डॉलर ही शेयर बाजार में निवेश किया गया था, को कुल घरेलू बचत का 10 प्रतिशत से भी कम है। 5, 000 से 6, 000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सोने में निवेश होता है एवं लगभग 35, 000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रॉपर्टी में निवेश होता है। इस प्रकार, भारत में शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने की बहुत अधिक गुंजाइश मौजूद है।**





**प्रहलाद सबनानी**
**लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है**

पूरे विश्व में विभिन्न देशों के शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने के सम्बंध में विदेशी निवेशक संस्थानों को सलाह देने वाले एक बड़े संस्थान मोर्गन स्टैनली ने हाल ही में अनुमान लगाया है कि बहुत सम्भव है कि भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे आने वाले 5 वर्षों में दुगना हो जाए। आज खुदरा निवेशक, देशी संस्थागत निवेशक, म्यूचूअल फंड, आदि द्वारा भारतीय शेयर बाजार में औसतन लगभग 1500 करोड़ रुपए के शेयरों की रोजाना खरीद हो रही है अर्थात प्रतिदिन 1500 करोड़ रुपए भारतीय शेयर बाजार में डाले जा रहे हैं, जिसके चलते ही विदेशी निवेशक संस्थानों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में शेयर बेचे जाने के बावजूद भारतीय शेयर बाजार पर कुछ बहुत बड़ा असर होता दिखाई नहीं दे रहा है अर्थात अब भारतीय निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार को अपने दम पर सम्हाल लिया है। अब, जब भारत में कई कम्पनियां अपनी विस्तार योजनाओं को लागू करने जा रही हैं अतः इन कम्पनियों के द्वारा नए शेयर, बाजार में जारी किए जाएंगे, जिन्हें खरीदने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशक भी अब से लगभग 6 माह बाद भारत में अपना निवेश वापिस लाएंगे।

वर्ष 1993 से वर्ष 2013 तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लगातार खरीद कर रहे थे और देशी संस्थागत निवेशक लगातार बेच रहे थे। वर्ष 2014 के बाद से यह सब बदलने लगा क्योंकि 2015 में पहली बार केंद्र सरकार ने प्रॉविडेंट फंड को शेयर बाजार में निवेश की अनुमति दी थी। इसी प्रकार की अनुमति 401ङ योजना के अंतर्गत अमेरिका ने अपने प्रॉविडेंट फंड संस्थानों को वर्ष 1980 में दी थी। इसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में उच्छाल देखने को मिला था। अमेरिका में आज संस्थागत निवेशकों का लगभग 40 प्रतिशत भाग शेयर बाजार में निवेश रहता है जबकि भारत में यह अभी भी बहुत कम अर्थात लगभग 8 प्रतिशत ही है, इस प्रकार भारत को अभी तो बहुत आगे जाना है।

भारत में पिछले वर्ष घरेलू बचत 70, 000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास थी, उसमें से केवल 5, 000 से 6, 000 करोड़ अमेरिकी डॉलर ही शेयर बाजार में निवेश किया गया था, को कुल घरेलू बचत का 10 प्रतिशत से भी कम है। 5, 000 से 6, 000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सोने में निवेश होता है एवं लगभग 35, 000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रॉपर्टी में निवेश होता है। इस प्रकार, भारत में शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने की बहुत अधिक गुंजाइश मौजूद है। साथ भी अब वैश्विक स्तर पर भी यह सिद्ध हो चुका है कि सामान्यतः शेयर बाजार में सबसे अधिक रिटर्न मिलता है, अतः भारत के शेयर बाजार में निवेश आगे आने वाले समय में तेजी से बढ़ने वाला है। यदि भारत में कुल बचत का 10 प्रतिशत से आगे बढ़कर 15 प्रतिशत निवेश शेयर बाजार में होने लगे तो केवल देशी निवेशकों का निवेश ही बढ़कर 7, 500 से 8, 000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा। पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता (मैक्रो स्टेबिलिटी) पर बहुत ध्यान दिया है। इससे मुद्रा स्फीति की दर में होने वाला उतार चढ़ाव नियंत्रण में रहा है और अब यह सबसे न्यूनतम स्तर पर आ गया है। 70-75 वर्षों में ऐसी स्थिरता देखी नहीं गई है। इसके कारण शेयर बाजार में, रुपए की बाजार कीमत में एवं बांड मार्केट आदि में सब जगह उतार चढ़ाव थम गया है और इन सभी क्षेत्रों में स्थिरता आ गई है। पिछले 10 वर्षों में भारत में बहुत अधिक आर्थिक सुधार कार्यक्रम भी लागू किए गए हैं। अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता के आने से अब हम सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर का सही तरीके से अनुमान लगा सकते हैं, जिसके चलते हमारी आय और व्यय के अनुमान भी लगभग सही स्तर पर हो पा रहे हैं। इससे, विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है और विदेशी निवेशक भी भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

भारत के नागरिकों की जेब में सीधे पैसे डालने के बजाय सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने में सरकार ने नागरिकों की भरपूर मदद की है, जैसे 3 करोड़ से अधिक मकान बनाकर गरीब वर्ग को उपलब्ध कराए गए हैं, ग्रामीण इलाकों सहित घरों में पानी उपलब्ध कराया गया है, 95 प्रतिशत से अधिक गावों में बिजली उपलब्ध कराई गई है, लगभग सभी घरों में गैस उपलब्ध कराई गई है, सड़क मार्ग विकसित किए गए हैं, गांवों में स्वास्थ्य केंद्र खोले गए, आदि। इससे नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ और वे कम बीमार पड़ने लगे हैं, उनके स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्चे कम हुए हैं और उनकी बचत बढ़ी है। कुल मिलाकर यह साइकल बहुत अच्छे तरीके से अपना काम करता दिखाई दे रहा है। सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने का कार्य अभी भी जारी है और तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इस सबका यह परिणाम भी हुआ है कि देश में पिछले 10 वर्षों में गरीबी आधी रह गई है और इसे शून्य पर लाने के लिए कार्य जारी है। भारत में उत्पादों के निर्माण में आधारभूत संरचना से सबंधित लागत बहुत अधिक है। इस पर सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 14 प्रतिशत भाग खर्च हो जाता है, इससे उत्पादों की लागत तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। हालांकि भारत के आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए बहुत काम हुआ है। नए नए रोड बने हैं, रेल्वे का विकास हुआ है (रेल्वे का लगभग 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है), पोर्ट का विकास हो रहा है, नए एयर पोर्ट का निर्माण हुआ है, परंतु अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष हैं। वर्ष 2015 ने भारत में मालगड़ियां औसतन लगभग 20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती थीं। अब वह औसतन लगभग 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं और आगे आने वाले 5 वर्षों में यह और आगे बढ़कर औसतन लगभग 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने लगेगी। इससे सबसे बड़ा लाभ उद्योग जगत को हुआ है, क्योंकि अब उन्हें कच्चे माल का स्टॉक कम मात्रा में रखना पड़ता है और इससे अंततः उनके द्वारा निर्मित उत्पाद की लागत कम हुई है।

पिछले कई वर्षों से विनिर्माण क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी लगातार कम होती रही थे अथवा स्थिर हो गई थी। परंतु, अब यह स्थिति भी बदलती जा रही है और आने वाले 5 वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ने जा रही है। इसके परिणाम कई क्षेत्रों जैसे सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रेल्वे, फार्मा, औटोमोबाइल, ड्रोन निर्माण, सेमी कंडक्टर, फूड प्रासेसिंग, एयरो स्पेस, आदि में दिखाई भी देने लगे हैं।

भारत शेयर बाजार पूंजीकरण की दृष्टि से विश्व में आज अमेरिका, चीन, जापान, हांगकांग के बाद 5वें स्थान पर है। तीसरे स्थान पर शीघ्र ही आ सकता है। आगामी 10 वर्षों में बहुत सम्भव है कि भारत दूसरे स्थान पर भी आ जाए क्योंकि चीन और जापान के आर्थिक क्षेत्र में जिस प्रकार की समस्याएं दिखाई देने लगी हैं, इससे अमेरिका के बाद भारत विश्व में दूसरे स्थान पर आ सकता है। हालांकि सकल घरेलू उत्पाद की दृष्टि से विश्व में भारत तीसरे स्थान पर ही आ पाएगा। वर्तमान में भारत के शेयर बाजार का पूंजीकरण लगभग 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है जबकि भारत का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही हो पाया है। आगे आने वाले लगभग 10 वर्षों में भारत में 10 करोड़ नागरिक गरीबी से निकलकर मध्यम वर्गीय परिवार बन सकते हैं, जिससे इनकी कुल संख्या 45 करोड़ हो जाएगी।

## नये भारत में बदलाव के कानून, जल्द मिलेगा न्याय

**मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों के लिये न्याय सहज सुलभ महसूस हो, कानूनी प्रावधान न्यायसंगत एवं अपराध-नियंत्रण का माध्यम हो, वह आसानी से मिले, जटिल प्रक्रियाओं से मुक्त होकर सस्ता हो। निश्चित रूप से किसी भी कानून का मकसद नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता, संपत्ति व अधिकारों की रक्षा करना ही होता है। जिससे किसी सभ्य समाज में न्याय की अवधारणा पुष्ट हो सके। 1 जुलाई, 2024 से भारत आपराधिक न्याय के एक नए युग की शुरूआत होने जा रही है। न्याय का एक नया सूरज उदित हो रहा है, जब पूरे देश में लागू हुई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य संहिता को लेकर उम्मीद करनी चाहिए कि यह बदलाव न्याय की कसौटी पर खरा उतरेंगे। इस दृष्टि से यह कानून से जुड़ी अकल्पित उपलब्धियों से भरा-पूरा अवसर भारत न्याय प्रक्रिया को एक नई शक्ति, नई ताजगी और नया परिवेश देने वाला साबित होगा। उल्लेखनीय है कि कानूनी बदलाव से जुड़े ये तीनों विधेयक बीते साल संसद में पारित किये गए थे।**
**अंग्रेजों के बनाये कानून क्या स्वतंत्र भारत में साढे.सात दशक बाद भी लागू रहने चाहिए, यह लम्बे समय से विमर्श का विषय बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये, अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने का साहसिक एवं प्रासंगिक कदम उठाते हुए नए कानून लाने एवं उन्हें लागे करने का बड़ा कदम उठाया है**





**ललित गर्ग**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

भारतीय न्याय प्रणाली की कमियां को दूर करते हुए उसे अधिक चुस्त, त्वरित एवं सहज सुलभ बनाना नये भारत की अपेक्षा है। मतलब यह सुनिश्चित करने से है कि सभी नागरिकों के लिये न्याय सहज सुलभ महसूस हो, कानूनी प्रावधान न्यायसंगत एवं अपराध-नियंत्रण का माध्यम हो, वह आसानी से मिले, जटिल प्रक्रियाओं से मुक्त होकर सस्ता हो। निश्चित रूप से किसी भी कानून का मकसद नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता, संपत्ति व अधिकारों की रक्षा करना ही होता है। जिससे किसी सभ्य समाज में न्याय की अवधारणा पुष्ट हो सके। 1 जुलाई, 2024 से भारत आपराधिक न्याय के एक नए युग की शुरूआत होने जा रही है। न्याय का एक नया सूरज उदित हो रहा है, जब पूरे देश में लागू हुई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य संहिता को लेकर उम्मीद करनी चाहिए कि यह बदलाव न्याय की कसौटी पर खरा उतरेंगे। इस दृष्टि से यह कानून से जुड़ी अकल्पित उपलब्धियों से भरा-पूरा अवसर भारत न्याय प्रक्रिया को एक नई शक्ति, नई ताजगी और नया परिवेश देने वाला साबित होगा। उल्लेखनीय है कि कानूनी बदलाव से जुड़े ये तीनों विधेयक बीते साल संसद में पारित किये गए थे।

अंग्रेजों के बनाये कानून क्या स्वतंत्र भारत में साढे.सात दशक बाद भी लागू रहने चाहिए, यह लम्बे समय से विमर्श का विषय बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी, आधुनिक, तकनीकी बनाने के लिये, अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को बदलने एवं आधुनिक अपेक्षाओं के नये कानून बनाने का साहसिक एवं प्रासंगिक कदम उठाते हुए नए कानून लाने एवं उन्हें लागे करने का बड़ा कदम उठाया है, जो सुखद एवं स्वागतयोग्य है। विपक्षी दलों ने सांस्कृतिक, धार्मिक व भौगोलिक विविधता वाले देश के लिये बनाये गये कानूनों को भले ही व्यापक सार्वजनिक विमर्श के बाद ही लागू किया जाने की अपेक्षा व्यक्त की हो, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि जहां ब्रिटिश काल में बने कानूनों का मकसद दंड देना था, वहीं नये कानूनों का मकसद नागरिकों को न्याय देना है। मौजूदा चुनौतियों व जरूरतों के हिसाब से कानूनों को बनाया गया है।

इन कानूनों को बनाने का मूल उद्देश्य अपराधमुक्त समाज की संरचना करना है। इसीलिये अपराधियों को कड़े दण्ड देने का प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय न्याय संहिता में विवाह का प्रलोभन देकर छल के मामले में दस साल की सजा, किसी भी आधार पर मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास की सजा, लूटपाट व गिरोहबंदी के मामले में तीन साल की सजा का प्रावधान है। आतंकवाद पर नियंत्रण के लिये भी कानून है। किसी अपराध के मामले में तीन दिन में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी तथा सुनवाई के बाद 45 दिन में फैसला देने की समय सीमा निर्धारित की गई है। वहीं प्राथमिकी अपराध व अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम के जरिये दर्ज की जाएगी। व्यवस्था की गई है कि लोग थाने जाए बिना भी ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कर सकें। यह कहने में कोई हर्ज नहीं है कि इन कानूनों के माध्यम से देश में पुलिस सुधार को भी बल मिलेगा। पुलिस कानून-कायदे के तहत काम करने को विवश या बाध्य होगी। अंततः अब पुलिस को अनुशासित बनाने के साथ-साथ कारगर बनाने की ओर देश ने अपने कदम बढ़ा दिए हैं। पुलिस प्रशासन की सफलता इसी में है कि तमाम लोगों को यह महसूस हो कि कानून न्यायपूर्ण ढंग से लागू किया जा रहा है। एक पहलू यह भी है कि पुलिस प्रशासन को कुशल और सक्षम बनाने के लिए संसाधनों की कमी आड़े नहीं आए। जिस स्तर की सेवा की उम्मीद लोग पुलिस से कर रहे हैं, उसके लिए सरकारों को पुलिस पर व्यय बढ़ाना होगा। सक्षम और सहयोगी पुलिस हमारे तेज विकास में कारगर होगी। पुलिस को प्रशिक्षित एवं सक्षम बनाने के तंत्र भी नये तरीके से विकसित करने होंगे। एक तरह से इन कानूनी प्रावधानों को सहज एवं सरल बनाने के प्रयास किये गये हैं। ध्यान रहे, पिछले कानूनों में यह बड़ी कमी थी कि वे गरीबों को न्याय दिलाने में असमानता के द्योतक थे। उन कानूनों का इस्तेमाल गरीबों के खिलाफ जितनी आसानी से होता था, उससे कहीं ज्यादा कठिनाई से अमीरों के खिलाफ मामले दर्ज होते थे। आरोप सिद्ध होने या सजा के मामले में भी गरीबों को ही ज्यादा भुगतना पड़ता था। औपनिवेशिक युग के निर्मम या गरीब विरोधी कानूनों को समाप्त करने की मांग लंबे समय से हो रही थी। अब इन नये तीन कानूनों ने ब्रिटिश काल के तीन कानूनों की जगह ले ली है, इसका एहसास कराना होगा कि ब्रिटिश हिसाब से बने कानून अब देश में नहीं चल रहे हैं। नए कानूनों में यह ताकत है कि इनसे अपने यहां संपूर्ण न्याय प्रणाली में आम नागरिकों के अनुरूप आधुनिक बदलाव हो सकता है।

## जजों, वकीलों व पुलिस के लिए भी चुनौती है नया कानून!

डॉ. श्रीगोपाल नारसन

देशभर में एक जुलाई से नए कानून लागू हो गए है, लेकिन नए कानूनों की पूरी जानकारी अभी तक न पुलिस को है, न वकीलों को ओर न ही जजों को ही हो पाई है। भारत सरकार ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता व साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर लागू तो कर दिया, लेकिन नए कानूनों में कोई खास बदलाव भी नजर नही आता। नए कानून में दंड की जगह न्याय नाम दिया गया है, यद्यपि न्याय एक विधिक प्रक्रिया का निष्कर्ष है, जिसमे दोषसिद्ध होने पर दंड ही दिए जाने की व्यवस्था इस नए कानून में भी है। नए कानूनों ने भारत में भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। नए कानून का बिल अगस्त 2023 में पेश किए किया गया था, जिसके बाद इन्हें संसद की स्थायी समिति को भेजा गया था। स्थायी समिति द्वारा संदर्भित परिवर्तनों को शामिल करने के लिए इन विधेयकों को वापस ले लिया गया था, बिल के पुराने संस्करण में मॉब लिंचिंग और नफरती अपराध के लिए न्यूनतम सात साल की सजा का प्रावधान था, जब पांच या अधिक लोगों के एक समूह द्वारा सामूहिक रूप से जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करने के मामले में, हमलावर समूह के हर सदस्य को कम से कम सात साल की कैद की सजा दी जाती थी। अब नए कानून में इस अवधि को सात साल से बढ़ाकर आजीवन कारावास कर दिया गया है। आतंकवादी गतिविधियों को पहली बार भारतीय न्याय संहिता में शामिल किया गया है, पहले, इसके लिए विशिष्ट कानून लागू थे। आर्थिक सुरक्षा को खतरा भी आतंकवादी गतिविधि के अंतर्गत शामिल किया गया है। तस्करी या नकली नोटों का उत्पादन करके वित्तीय स्थिरता को नुकसान पहुंचाना भी आतंकवादी अधिनियम के अंतर्गत निहित है। विदेश में संपत्ति को नष्ट करना, जो भारत में रक्षा या किसी सरकारी उद्देश्य के लिए थी, यह भी एक आतंकवादी गतिविधि मानी जायेगी। जबकि देश मे शून्य अपराध संख्या पर कही भी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की सुविधा जो पहले से ही है, वही 90 दिन में जांच पूरी करने अर्थात आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल करने का नियम भी पहले से ही लागू है। लेकिन नए कानून में अब अपहरण करना भी एक आतंकवादी गतिविधि माना जाएगा। निष्प्रभावी हो चुकी आईपीसी मानसिक रूप से बीमार लोगों को अपराध के लिए सजा से छूट देती है। भारतीय न्याय संहिता के पुराने संस्करण में इसे मानसिक बीमारी शब्द से बदलकर अब विक्षिप्त दिमाग शब्द को वापस लाया गया है। जो कोई भी बलात्कार के मामलों में अदालती कार्यवाही के संबंध में अदालत की अनुमति के बिना कुछ भी प्रकाशित करेगा, उसे 2 साल तक की जेल हो सकती है और जुमार्ना लगाया जा सकता है, इस व्यवस्था के बाद मीडिया कर्मियों को सावधान रहने की आवश्यकता है। संगठित आपराधिक समूहों द्वारा किए गए वाहनों की चोरी, जेबतराशी जैसे छोटे संगठित अपराध के लिए दंड का प्रावधान किया गया था, अगर इससे नागरिकों में सामान्य तौर पर असुरक्षा की भावना पैदा होती हो, अब असुरक्षा की भावना की यह अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। नई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता सामुदायिक सेवा को परिभाषित करती है, सामुदायिक सेवा एक ऐसी सजा होगी जो समुदाय के लिए फायदेमंद होगी और इसके लिए अपराधी को कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा। इन विधेयकों में छोटी-मोटी चोरी, नशे में धुत होकर परेशान करना और कई अन्य अपराधों के लिए सजा के रूप में सामुदायिक सेवा की शुरूआत की गई थी। विदित हो, भारतीय दंड संहिता भारत की आधिकारिक आपराधिक संहिता रही है, जिसे चार्टर अधिनियम, 1833 के तहत वर्ष 1834 में स्थापित प्रथम विधि आयोग के मद्देनजर वर्ष 1860 में तैयार किया गया था।

## विंबलडनः गॉफ, अल्कराज और मेदवेदेव अगले दौर में पहुंचे, ओसाका हारी

**लंदन (एजेंसी)।** विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के बुधवार को हुए पुरुष और महिला वर्ग में कोको गॉफ, कार्लोस अल्कराज और डेनियल मेदवेदेव जहां अपने-अपने मुकाबले जीत कर अगले दौर में पहुंच गए, वहीं नाओमी ओसाको को हार का सामना करना पड़ा है।

अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने कल रोमानिया की एंका टोडोनी पर सीधे सेट में आसान जीत के साथ टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबले के अगले दौर में जगह बना ली है। दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की गॉफ ने रोमानिया की एंका को 6-2, 6-1 से हराया।



महिला एकल के अन्य मुकाबलो में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में 19वें नंबर की ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके अलावा बीट्रिज हदाद मेइया ने भी मैग्डेलेना फ्रेच को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया।

दूसरी तरफ पुरुष एकल में गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने एलेक्जेंडर वुकिक को तीनों सेटों में 7-6, 6-2, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गये है। अगले दौरान में अल्कराज का मुकाबला 29वें वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो से होगा।

एक अन्य मुकाबले में पांचवी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को भी सेंटर कोर्ट पर कठिन शुरुआत मिली। उन्हें एलेक्जेंडर मुलर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन मेदवेदेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 6-7(3) 7-6(4) 6-4 7-5 से जीत दर्ज की। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर ने अपने हमवतन माटेओ बेरेटिनी को कड़े मुकाबले में 7-6, 7-6, 2-6, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

## भारतीय मूल की स्कूली छात्रा इंग्लैंड की शतरंज टीम में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय मूल की नौ वर्षीय स्कूली छात्रा बोधना शिवनंदन शतरंज में इतिहास रचने जा रही हैं क्योंकि वह किसी भी खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं।

उत्तर-पश्चिम लंदन के हैरो की रहने वाली बोधना सितंबर में हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाले शतरंज ओलंपियाड में इंग्लैंड की महिला टीम में शामिल होंगी। टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों की उम्र 20 साल से




अधिक है। बोधना ने कहा, 'कल स्कूल से वापस आने के बाद जब मेरे पिताजी ने मुझे बताया तो मुझे इस बारे में पता चला। मैं खुश थी। मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगी और मुझे एक और खिताब मिलेगा।

इंग्लैंड शतरंज टीम के मैनेजर मैल्कम पेन ने स्कूली छात्रा बोधना को अब तक देखी गई सबसे उल्लेखनीय ब्रिटिश शतरंज प्रतिभाओं में से एक बताया। उन्होंने कहा, 'यह रोमांचक है - वह अब तक की सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश खिलाड़ियों में से एक बनने की राह पर है। बोधना के पिता शिवा शिवनंदन ने कहा कि उन्हें अब भी इस बात पर हैरानी है कि उनकी बेटी को यह प्रतिभा कहां से मिली। शिवा ने कहा, 'मैं इंजीनियरिंग स्नातक हूं, मेरी पत्नी भी इंजीनियरिंग स्नातक है लेकिन मैं शतरंज में अच्छा नहीं हूं।

बोधना ने पहली बार महामारी के दौरान लॉकडाउन में शतरंज खेलना सीखा जब शिवा का दोस्त भारत वापस जा रहा था और उसने उन्हें कुछ बैग दिए जिनमें शतरंज का बोर्ड भी था। बोधना ने कहा, 'मुझे मोहरों में दिलचस्पी थी इसलिए मैंने खेलना शुरू कर दिया।






# आईटीसी मौर्या में हुआ वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया का भव्य स्वागत

## टीम इंडिया पीएम मोदी से मिली, पीएम को नमो-1 जर्सी गिफ्ट की

मुंबई (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को हराकर वर्ल्ड चैंपियन बनी टीम इंडिया आखिरकार वतन लौट आई है। कई दिनों तक बारबाडोस में फंसे रहने के बाद, उन्हें चक्रवाती तूफान बेरिल के कारण स्पेशल चार्टर्ड विमान से भारत लाया गया था। टी-20 चैंपियन बनने के बाद बारबाडोस से लौटी टीम इंडिया

### ● जर्सी के रंग का केक, चॉकलेट की ट्रॉफी...

पीएम नरेंद्र मोदी से मिली। टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान खिलाड़ियों ने पीएम को एक जर्सी दी, जिस पर नमो-1 लिखा था।

टी-20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को हराकर वर्ल्ड चैंपियन बनी टीम इंडिया आखिरकार वतन लौट आई है। कई दिनों तक बारबाडोस में फंसे रहने के बाद, उन्हें चक्रवाती तूफान बेरिल के कारण स्पेशल चार्टर्ड विमान से भारत लाया गया। होटल पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों से टीम इंडिया का स्वागत किया गया। टीम इंडिया के लिए स्पेशल केक तैयार



किया गया था

आईटीसी मौर्या होटल ने वर्ल्ड चैंपियन टीम के लिए खासतौर पर एक विशेष केक और ब्रेकफास्ट तैयार किया था,जिसमें खिलाड़ियों की पसंद और सेहत का विशेष ध्यान रखा गया था। आईटीसी मौर्या के एग्जिक्यूटिव शेफ शिवनीत पाहोजा ने बताया, हमने वर्ल्ड चैंपियन टीम के लिए विशेष तौर पर ब्रेकफास्ट तैयार किया है। ये खिलाड़ी काफी समय से टूर पर थे और जीतकर वापस आए हैं।

केक की बात करें तो उसका खास अट्रैक्शन उस पर लगी टी-20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी है, जो दिखने में तो असली लगती है लेकिन इसे पूरी तरह से चॉकलेट से तैयार किया गया है। केक पर खिलाड़ियों की खास तस्वीरें भी लगाई गई है। साथ ही इस पर बीसीसीआई का लोगो भी दिखाया गया है। केक पर लिखा गया है, ऐसे में हम इन्हें स्पेशल ब्रेकफास्ट ऑफर करेंगे।




### टीम इंडिया की जर्सी के रंग में तैयार किया था स्पेशल केक

आईटीसी मौर्या होटल ने वर्ल्ड चैंपियन टीम के स्वागत के लिए एक विशेष केक तैयार किया है, जो टीम इंडिया की जर्सी के रंग का है। पाहोजा ने बताया, यह केक दिखने में असली लगता है, लेकिन इसे पूरी तरह से चॉकलेट से बनाया गया है। यह हमारी वर्ल्ड चैंपियन टीम के लिए है। हमने उनके लिए स्पेशल ब्रेकफास्ट भी तैयार किया है। टीम इंडिया की इस भव्य स्वागत समारोह के बाद, खिलाड़ी पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और फिर मुंबई में होने वाली विक्ट्री परेड में शामिल हुए।

### 13 साल का सूखा खत्म

टीम इंडिया ने 13 साल बाद वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। आखिरी बार टीम 2011 में वनडे वर्ल्ड कप चैंपियन बनी थी। 2013 के बाद भारत के खाते में आईसीसी ट्रॉफी नहीं आया था। तब धोनी की कप्तानी में टीम चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता बनी थी।

### टीम इंडिया के स्टार्स ने टी20 विश्व कप जीत की खुशी में काटा स्पेशल ट्रॉफी केक

कप्तान रोहित शर्मा, स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने टी20 विश्व कप खिताब जीतकर टी20 क्रिकेट को शानदार तरीके से अलविदा कहा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने गुरुवार को दिल्ली के आईटीसी मौर्य में अपनी टीम की जीत और 11 साल के लंबे ट्रॉफी सूखे के अंत का जश्न मनाने के लिए एक विशेष केक काटा।

### नाश्ते में छोले भटूरे, ट्रॉफी केक... टीम इंडिया के सितारों का यूं हुआ ग्रैंड स्वागत



अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन किया गया था। भारतीय टीम ने 29 जून को हुए खिताबी मुकाबले में साउथ अफ्रीका पर जीत हासिल की। इसके साथ ही 11 से आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सपना भी पूरा हुआ। बारबाडोस में चक्रवात की वजह से भारतीय टीम पूर्वनिर्धारित शेड्यूल पर वापस नहीं लौट पाई थी। अब एयर इंडिया की स्पेशल फ्लाइट से गुरुवार की सुबह टीम इंडिया दिल्ली पहुंची थी।

### टीम इंडिया होटल में जोरदार वेलकम

भारतीय टीम का एयरपोर्ट पर तो जोरदार वेलकम हुआ ही, इसके साथ ही होटल में भी खिलाड़ियों के लिए खास तैयारी थी। पॉश चाणक्यपुरी इलाके में स्थित पांच सितारा होटल में रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम के स्वागत के लिए खास नाश्ते और केक का इंतजाम किया गया था। केक टीम इंडिया की जर्सी के रंग का थी और उसके ऊपर चॉकलेट से बनी टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी रखी गई है। पेस्ट्री शेफ की एक टीम ने केक बनाने के लिए रात भर काम किया। कप्तान रोहित शर्मा के साथ ही हेड कोच राहुल द्रविड़, उपकप्तान हार्दिक पंड्या

### टीम के लिए नाश्ते में छोले भटूरे

आईटीसी मौर्या के कार्यकारी शेफ शिवनीत पहोजा ने एएनआई से कहा, केक टीम की जर्सी के रंग का है। इसकी खासियत यह ट्रॉफी है, यह देखने में असली ट्रॉफी जैसी लग सकती है, लेकिन यह चॉकलेट से बनी है। यह विजेता टीम के लिए हमारा स्वागत है।

## टी20 विश्व कप टीम के चार खिलाड़ियों को विधान भवन में किया जाएगा सम्मानित

**मुंबई (एजेंसी)।** टी20 विश्व चैंपियन भारतीय टीम के मुंबई के चार खिलाड़ियों को शुक्रवार को महाराष्ट्र विधान भवन परिसर में सम्मानित किया जाएगा। राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने गुरुवार को सदन में यह जानकारी दी।




कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल भारत की टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा थे। ये सभी मुंबई के रहने वाले हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने 29 जून को देश को दूसरा टी20 विश्व खिताब दिलाया जिससे आईसीसी ट्रॉफी का 11 साल का इंतजार खत्म हुआ। भारत ने पिछला आईसीसी खिताब 2013 में जीता था जब उसने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी।

शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक ने गुरुवार को विधानसभा में मुंबई के खिलाड़ियों को विधान भवन में सम्मानित किए जाने का मुद्दा उठाया। विधानसभा अध्यक्ष नार्वेकर ने कहा कि शहर के खिलाड़ियों का सम्मान शुक्रवार दोपहर विधान भवन में होगा। टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम गुरुवार सुबह बारबाडोस से नई दिल्ली लौटी जहां उसका भव्य स्वागत किया गया।

## जब पीएम मोदी ने छोटे बुमराह को दुलार किया




**मुंबई (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 की विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार सुबह को नई दिल्ली पहुंच गई। यहां पहुंचने के बाद टीम इंडिया ने पीएम मोदी के साथ मुलाकात दी। इस दौरान पीएम मोदी ने जसप्रीत बुमराह के बेटे को गोद में लेकर खूब दुलार किया। टी20 विश्व कप 2024 की चैंपियन टीम इंडिया बारबाडोस से भारत पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात में टीम इंडिया के पेसर जसप्रीत बुमराह अपनी वाइफ और बेटे के साथ पीएम के साथ तस्वीर ली, जिसमें उनके बेटे अंगद को पीएम ने अपनी गोद में उठाकर दुलार किया।

### टी20 विश्व कप 2024 में बुमराह के नाम 15 विकेट

टीम इंडिया को टी20 विश्व कप की ट्रॉफी जिताने में जसप्रीत बुमराह की भूमिका सबसे ज्यादा अहम रही। बुमराह ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल 15 विकेट अपने नाम किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह गदगद हो गए। पीएम भी टीम इंडिया के सभी खिलाड़ियों से गर्मजोशी के साथ मुलाकात की।

### रोहित शर्मा ने थमाई पीएम मोदी को ट्रॉफी

रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम जब पीएम मोदी से मुलाकात की उन्हें ट्रॉफी थमाई। हालांकि, उन्होंने ट्रॉफी की जगह रोहित और राहुल के हाथ को थामा।

## द. अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला से एशिया कप और विश्व कप की तैयारी पुख्ता करने उतरेगा भारत

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला का इस्तेमाल एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों और रणनीति को पुख्ता करने के लिए करेगी। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्टूबर से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला है।

इसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इन बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। टीम ने बेंगलुरू में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और यहां एकमात्र टेस्ट में भी इसके संकेत दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने के बावजूद भारत ने अब तक सभी मैच जीते हैं। 2023 से अब तक भारत ने सात टी20 श्रृंखला खेली हैं जिनमें से तीन में उसे जीत मिली है और चार में हार का सामना करना पड़ा है।

टीम इस आंकड़े को बेहतर करना चाहेगी। भारत को एकदिवसीय श्रृंखला और टेस्ट मैच में अपनी खिलाड़ियों की फॉर्म से राहत मिलेगी। एकदिवसीय टीम की उप-कप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने तीन मैच में दो शतक और एक अर्धशतक के साथ शानदार प्रदर्शन किया जबकि हरमनप्रीत ने अंतिम वनडे में शतक जड़ा। एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की खराब फॉर्म चिंता का विषय थी लेकिन उन्होंने यहां एकमात्र टेस्ट में



महिला क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाकर इन चिंताओं को दूर कर दिया।

जेमिमा रोड्रिग्स और रिचा घोष भी धीरे धीरे लय हासिल कर रही हैं। टीम प्रबंधन को इन पांचों बल्लेबाजों से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मेहमान टीम श्रीलंका के खिलाफ स्वदेश में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। कागज पर भारत की गेंदबाजी भी काफी मजबूत दिखती है। तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और अरुंधति रेड्डी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। दीप्ति शर्मा, राधा यादव, आशा शोभना और श्रेयंका पाटिल की स्पिन चौकड़ी भी टीम की मजबूत ताकत है।

दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत के लिए कप्तान लॉरा वोलवार्ट पर बहुत अधिक निर्भर होगा। वोलवार्ट ने एकदिवसीय श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में शतक लगाकर अपनी शानदार फॉर्म की झलक दिखाई। अगर दक्षिण अफ्रीका को पिछले साल जनवरी के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतनी है तो सलामी बल्लेबाज वोलवार्ट का प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा।

टीम को वोलवार्ट के अलावा मारिजेन कैप, सुने लुस, एनेके बॉश और तेजमिन ब्रिट्स के बल्ले से भी अच्छे रनों की उम्मीद होगी। नोनकुलुलेको मलाबा और मसाबाता क्लास के अलावा नादिन डि क्लार्क और अयाबोंगा खाका को भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** - हरमनप्रीत कौर (कप्तान) स्मृति मंधाना, उमा छेत्री, रिचा घोष, डी हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सजीवन सजाना, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, शबनम शकील, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव।

**दक्षिण अफ्रीका** - लॉरा वोलावार्ट (कप्तान), तेजमिन ब्रिट्स, मीके डि रिडर, सिनालो जाफ्ता, एनेके बॉश, नादिन डि क्लार्क, एनेरी डर्कसेन, मारिजेन कैप, सुने लुस, क्लो ट्रायोन, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, एलिज-मारी मार्क्स, नोनकुलुलेको मलाबा और तुमी सेखुखुने।

समय = शाम सात बजे से।

## संक्षिप्त समाचार

### आम जनता की समस्याओं को सुनने मुख्यमंत्री और मंत्रियों का लगेगा दरबार



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के आम लोग अपनी समस्या का समाधान अपने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत मंत्रियों से मिल सकते हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार एक बार फिर सहायता केन्द्र की शुरुआत करने जा रही है। इसमें आम लोग समेत कार्यकर्ता सभी अपनी समस्याओं को मंत्रियों के समक्ष रख सकते हैं, जिससे मंत्री सुनेंगे और समाधान निकलेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कार्यकर्ताओं एवं जनमानस की समस्याओं के निराकरण के लिए सहायता केन्द्र की पुनः शुरुआत की जा रही है। सहायता केंद्र प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि सहायता केंद्र में अलग अलग दिन में अलग अलग विभाग के मंत्री समेत भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि चार जुलाई को मंत्री लखनलाल देवांगन एवं प्रदेश महामंत्री भरत लाल वर्मा, पांच जुलाई को मंत्री दयालदास बघेल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, आठ जुलाई को उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, 9 जुलाई को मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल एवं प्रदेश महामंत्री रामजी भारती कार्यकर्ताओं एवं जनमानस की समस्याओं का निराकरण करने मौजूद रहेंगे। संजय श्रीवास्तव ने बताया कि सहायता के माध्यम से प्रदेश के मंत्री गण भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठेंगे। सहायता केंद्र में कार्यकर्ताओं और आम जनों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश सरकार की ओर से मौजूद रहेंगे। सहायता केंद्र में लोगों के समस्याओं का त्वरित निराकरण करने और शिकायत दर्ज किया जायेगा। इससे आम लोगों की समस्या का समाधान तुरंत हो सकता है।

### हाथरस वाले भोले बाबा के पास है 13 एकड़ में फैला 5 स्टार आश्रम



**हाथरस , एजेंसी।** हाथरस कांड के मुख्य चेहरे नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा की संपत्ति को लेकर भी बड़ा खुलासा हुआ है। खबर है कि उसके पास कई एकड़ में फैला उत्तर प्रदेश में एक आलीशान आश्रम भी है, जिसकी कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। खास बात है कि भगदड़ को लेकर दर्ज स्नढ्ढक्र में कहीं भी बाबा का नाम शामिल नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि वह इसी आश्रम में रहता था। जांच के दौरान पता चला है कि उसके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को अधिकारियों ने जानकारी दी है कि उनके पास बाबा की संपत्ति से जुड़े कुछ दस्तावेज लगे हैं। खबर है कि बाबा के पास उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में 13 एकड़ में फैला एक आश्रम ही, जिसकी कीमत 4 करोड़ रुपये आंकी गई है। दस्तावेजों से पता चला है कि आश्रम 21 बीघा से ज्यादा जगह में फैला हुआ है और उसमें कई कमरे भी हैं। इतना ही नहीं इन कमरों में 5 स्टार होटल जैसी सुविधाएं भी हैं। माना जाता है कि सूरज पाल (बाबा का असली नाम) इस आश्रम में रहता था और 6 कमरे सिर्फ उसके लिए ही थे। अन्य 6 कमरे कमेटी के सदस्यों और संस्थान के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं के लिए रखे गए थे। खास बात है कि आश्रम के लिए एक प्राइवेट रोड भी थी और उसमें एक स्टेट ऑफ द आर्ट कैफेटेरिया भी शामिल था। रिपोर्ट के अनुसार, बाबा का दावा था कि उसे तीन-चार साल पहले आश्रम की जमीन गिफ्ट की गई थी, लेकिन दस्तावेजों से पता चला है कि उसके पास करोड़ों रुपये की कई और संपत्तियां भी हैं और देश के कई हिस्सों में फैली हुई हैं।

# महाराष्ट्र की पंढरपुर तीर्थयात्रा में शामिल हो सकते हैं राहुल गांधी





**पंढरपुर, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव 2024 में शानदार प्रदर्शन करने के बाद महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की निगाहें अब विधानसभा चुनाव पर हैं। यही वजह है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी अब पुणे जा रहे हैं, जहां वह वार्षिक पंढरपुर तीर्थयात्रा में शामिल होंगे। दरअसल महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव इसी साल होने वाले हैं। उससे पहले विभिन्न दलों में गतिविधियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेतृत्व वाले महायुति और महाविकास आघाड़ी (एमवीए) दोनों अपने-अपने तरीके से चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई हैं। जहां सत्ताधारी महायुति में भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल हैं तो वहीं एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार गुट), और कांग्रेस शामिल हैं।

**राहुल गांधी 13 या 14 जुलाई को तीर्थयात्रा में शामिल होंगे:** मंगलवार को, एमवीए के नवनिर्वाचित सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार के साथ राहुल गांधी से मुलाकात की और उन्हें वार्षिक तीर्थयात्रा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। कांग्रेस सांसद प्रणीति शिंदे और एनसीपी (एसपी) सांसद धैर्यशील मोहिते-पाटिल भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। कांग्रेस विधायक संजय जगताप ने कहा, राहुल गांधी 13 या 14 जुलाई को तीर्थयात्रा में शामिल होंगे और तीर्थयात्रियों के साथ कुछ दूरी तक चलते हुए संत ज्ञानेश्वर महाराज और संत तुकाराम महाराज पालकी का आशीर्वाद लेंगे।राहुल गांधी को वार्षिक पंढरपुर तीर्थयात्रा में शामिल करने के कदम को महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं के बीच एमवीए की पहुंच को और मजबूत करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। एमवीए ने लोकसभा चुनावों के दौरान राज्य की 48 सीटों में से 31 सीटें जीतकर अच्छा प्रदर्शन किया था। कांग्रेस ने अकेले 13 सीटें जीती थीं। महाराष्ट्र से दो बार गुजरने वाली अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान भी राहुल गांधी को राज्य के लोगों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। यही वजह है कि भाजपा अब राहुल की इस यात्रा का विरोध कर रही है।

## मिड-डे मील में मिला मरा हुआ सांप, आंगनवाड़ी केंद्र के खाने पर बवाल, मौके पर पहुंचे अफसर

**सांगली, एजेंसी।** महाराष्ट्र के सांगली जिले में आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को मिले मिडडे मील के एक पैकेट में मरा हुआ सांप मिला है। इस मामले के सामने आने के बाद बच्चों के परिवानों ने चिंता जताई है। फिलहाल यह भी एक सवाल बना हुआ है कि आखिर मिड-डे मील के पैकेट में सांप कैसे पहुंच गया। राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ की उपाध्यक्ष आनंदी भोसले ने बताया कि पलुस में एक बच्चे के माता-पिता ने कथित घटना की सूचना सोमवार को दी। हालांकि, इसकी पुष्टि के लिए जिले के अधिकारियों से संपर्क नहीं किया जा सका। उन्होंने बुधवार को बताया, 'छह महीने से तीन साल की उम्र के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में मध्याह्न भोजन के पैकेट मिलते हैं। इन पैकेटों में दाल खिचड़ी का मिश्रण होता है। सोमवार को पलुस में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भोजन के पैकेट बांटे। एक बच्चे के माता-पिता ने दावा किया कि उन्हें मिले पैकेट में एक छोटा मरा हुआ सांप था।' भोसले ने बताया कि आंगनवाड़ी सेविका (महिला कार्यकर्ता) ने अधिकारियों को घटना की सूचना दी।

उन्होंने बताया कि सांगली जिला परिषद के उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप यादव और खाद्य सुरक्षा समिति के अन्य अधिकारियों ने आंगनवाड़ी का दौरा किया और पैकेट को प्रयोगशाला परीक्षण के लिए ले जाया गया। जिला परिषद के आंगनवाड़ी अनुभाग के प्रभारी यादव से बार-बार प्रयास के बावजूद संपर्क नहीं हो सका। फिलहाल इस मामले ने उन बच्चों के परिजनों की चिंताएं बढ़ा दी हैं, जो आंगनवाड़ी जाते हैं या फिर वहां से मिलने वाली खाद्य साामग्री का उपभोग करते हैं।

## जनजागरण अभियान के लिए गाड़ी पर खटाखट 8500 लिखवाना पड़ा भारी, पुलिस ने कर दिया चालान




**जौनपुर, एजेंसी।**
जौनपुर के रोहित सिंह आजकल जनजागरण अभियान में लगे हुए हैं। इसके लिए उन्होंने राहुल गांधी की कही कुछ बातें अपनी गाड़ी पर लिखवा ली है। उन्होंने अपनी कार पर खटाखट खटाखट खटाखट और उसी के ठीक नीचे 8500 लिखवाया है। इसके जरिए वो लोगों को राहुल गांधी की कही बातें याद दिला रहे हैं। हालांकि ऐसा करना उनको भारी पड़ गया। जौनपुर पुलिस ने उनकी गाड़ी का चालान कर दिया है। जौनपुर पुलिस ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी डाली है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रोहित सिंह की उनकी गाड़ी के साथ एक फोटो वायरल हो गई। इस फोटो का संज्ञान लेते हुए जौनपुर पुलिस ने उनका चालान कर दिया और सोशल मीडिया पर ही लिखा कि उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिस द्वारा उक्त वाहन का स्न्क्क एक्ट के तहत चालान किया गया। दरअसल, एमवी या मोटर व्हीकल एक्ट के तहत गाड़ी पर किसी भी तरह से कुछ लिखवाना या शीशों पर काली फिल्म लगाना सख्त मना है। ऐसे में शीशे पर लिखवाकर रोहित सिंह फंस गए हैं।

बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए दावा किया था कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही महिलाओं के खाते में खटाखट-खटाखट एक एक लाख रुपये आ जाएंगे। वहीं रायबरेली में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा था कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार आने पर गरीब महिलाओं के खाते में हर महीने 8 हज़ार 500 रुपये दिए जाएंगे और साथ ही बेरोजगार युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरी दी जाएगी। इन्हीं दोनों बयानों को जोड़कर रोहित सिंह ने अपनी गाड़ी पर लिखवाया।

## 5 हजार टीचर्स ट्रांसफर पर रार, आतिशी ने अधिकारियों को भेजा नोटिस; आप बोली- यह तुगलकी फरमान



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली सरकार की आपत्ति के बीच शिक्षा निदेशालय ने बुधवार को पांच हजार से अधिक शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर आदेश जारी किया। शिक्षा मंत्री आतिशी ने स्थानांतरण मामले को लेकर आपत्ति जताई है। उन्होंने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। हाल ही में शिक्षा मंत्री आतिशी ने शिक्षा सचिव को दस साल से एक ही स्कूल में कार्यरत शिक्षकों के स्थानांतरण के आदेश वापसी लेने के निर्देश दिए थे।

निदेशालय ने शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर जो सूची जारी की, उसमें शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से आवंटित स्कूल में नियुक्त होने के निर्देश दिए गए हैं। सबसे अधिक स्थानांतरण टीजीटी के पद पर कार्यरत शिक्षकों के हुए हैं। निदेशालय ने ऐसे 3150 शिक्षकों की सूची जारी की है। वहीं, पीजीटी के 847 और विभिन्न पदों पर कार्यरत 1009 शिक्षकों के स्थानांतरण का आदेश जारी हुआ। इसमें पीईटी, संगीत शिक्षक, सहायक शिक्षक (प्राइमरी), पुस्तकालय अध्यक्ष सहित कई दूसरे शिक्षक शामिल हैं। स्थानांतरण को लेकर शिक्षकों में रोष है। उनका आरोप है कि उन्हें तय दूरी से अधिक दूरी पर स्कूल आवंटित हुए हैं।

करीब पांच हजार शिक्षकों के तबादले पर आम आदमी पार्टी ने एलजी को घेरा है। आप नेता दिलीप पांडे ने आरोप लगाया कि यह केजरीवाल के शिक्षा मॉडल को खत्म करने का प्रयास है। इतने बड़े पैमाने पर तबादले साजिश के तहत किए गए हैं। हम इसे कामयाब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की शिक्षा मंत्री आतिशी ने तबादले को रद्द करने का निर्देश दिया था। इसके बाद भी यह फरमान जारी किया गया। बुधवार को पार्टी मुख्यालय पर दिलीप पांडे ने पत्रकार वार्ता में कहा कि सातों लोकसभा सीट जीतने के बाद भाजपा ने एक बार फिर दिल्ली के क्रांतिकारी शिक्षा मॉडल पर हमला बोला है। शिक्षा मॉडल की कमर तोड़ने के लिए एक अप्रत्याशित और दुर्भावना से ग्रस्त आधिकारिक फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक धीरे धीरे छात्रों और अभिभावकों से जुड़ता है। शिक्षक संघ भी स्थानांतरण को लेकर आक्रोश जता रहे हैं। इस संबंध में राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ (जीएसटीए) दिल्ली के महासचिव अजय वीर यादव ने शिक्षा निदेशक को पत्र लिखा। इसमें कहा गया कि आश्वासन के बावजूद एक रात में ही बिना शिक्षकों की सहमति के उन्हें स्थानांतरित कर दिया गया है, जबकि वह पिछले दस साल से स्कूल में अपनी सेवाएं दे रहे थे। ऐसा लगता है कि स्थानांतरण राजनीतिक मंशा से किया गया है।

आप नेता दिलीप पांडे ने आरोप लगाया कि यह फैसला दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 16-17 लाख परिवारों के बच्चों के भविष्य के खिलाफ है।

## उत्तरी कैलिफोर्निया के जंगल की आग और फैली

### हेलीकॉप्टर से डाला जा रहा पानी...हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा

**ऑरोविल, एजेंसी।** उत्तरी कैलिफोर्निया में भीषण गर्मी के बीच जंगल में लगी आग ने बुधवार को आस पास के क्षेत्रों को भी अपनी चपेट में ले लिए जिसके मद्देनजर कम से कम 26,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं वहीं आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर से भी पानी डाला जा रहा है।

सैक्रामेंटो से लगभग 70 मील (110 किलोमीटर) दूर बट काउंटी के ऑरोविल शहर के पास मंगलवार को वन क्षेत्र में सबसे पहले आग लगी, इससे धुएं का विशाल गुबार उठा। ऑरोविल के मेयर डेविड पिटमैन ने बताया कि बुधवार दोपहर तक इस पर कुछ हद तक काबू पा लिया गया,साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि कुछ लोगों को जल्द घर जाने की अनुमति दी जा सकती है। इस बीच बुधवार दोपहर को ऑरोविल से लगभग आठ किलोमीटर दूर दक्षिण में ग्रब्स नामक स्थान पर आग लग गई, जिसके कारण पलेर्मो शहर के लोगों को अपने घरों को खाली करना पड़ा। आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। कैलिफोर्निया वन एवं अग्नि सुरक्षा विभाग (कैल फायर) के



अनुसार, राज्य में 12 से अधिक स्थानों पर आग लगी हुई है, हालांकि इनमें से अधिकांश स्थानों पर आग ने विकार रूप धारण नहीं किया है। ऑरोविल में मंगलवार रात आपातकाल की घोषणा की गई थी और लोगों को ठहराने के लिए आश्रय शिविर स्थापित किए गए थे।

## निक्की हेली ने बाइडन के बचाव में आए वरिष्ठ पत्रकार को घेरा, कहा- अब तो आप मेरा विश्वास करिए






**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय मूल की नेता निक्की हेली ने अपने पुराने एक इंटरव्यू को लेकर बुधवार को एक वरिष्ठ अमेरिकी पत्रकार पर निशाना साधा। दरअसल, हेली ने दावा किया था कि राष्ट्रपति जो बाइडन अपना पहला कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएंगे और उनके लिए मतदान करना उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के लिए वोट करना होगा। हेली ने पिछले साल दिए इंटरव्यू में एक पत्रकार से यह बात कही थी, जब वह रिपब्लिकन पार्टी की प्राथमिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार थीं। हालांकि, बाद में हेली ने अपना अभियान रद्द कर दिया। उन्होंने पुराने इंटरव्यू की एक क्लिप साझा करते हुए कहा, अब तो आप (पत्रकार) मेरा विश्वास कीजिए। बता दें, रिपब्लिकन नेता ने यह पोस्ट ऐसे समय में किया है, जब मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि बाइडन की राष्ट्रपति की प्राथमिक बहस में खराब प्रदर्शन के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता उन्हें चुनावी दौड़ से हटने को कह रहे हैं।

हेली ने क्लिप को साझा करते हुए लिखा, बाइडन बहस के बाद अपना पहला इंटरव्यू देने के लिए तैयार हैं। पिछले साल जब मैंने बाइडन के दूसरे कार्यकाल को पूरा करने की क्षमता पर सवाल उठाया था तो वरिष्ठ पत्रकार चिल्ला रहे थे कि आपको कैसे पता कि वह अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सकेंगे? किस सबूत पर मैंने ऐसा बोला।

क्लिप में हेली ने कहा था कि बाइडन अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सकेंगे। इस पर वरिष्ठ पत्रकार ने बीच में उन्हें रोकते हुए कहा था, एक्सक्यूज मी, एक्सक्यूज मी, एक सेकंड। आप कैसे कह सकतीं हैं कि बाइडन अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सकेंगे? यह किस आधार पर बोला गया? रिपब्लिकन नेता ने आगे कहा था, सबसे पहले, जो बाइडन के लिए एक वोट कमला हैरिस के लिए एक वोट है। आप यह जानते हैं और मैं भी यह जानती हूं। ऐसा कोई रास्ता ही नहीं है कि जो बाइडन अपना कार्यकाल पूरा कर सकेंगे। मुझे लगता है कि कमला हैरिस अगली राष्ट्रपति बनने जा रही हैं। इस बात से हर अमेरिकी को डरना चाहिए।

## बुशरा बीबी बोलीं- देश में धोखेबाजों, चोरों का शासन, इमरान के इद्दत मामले में 12 जुलाई को सुनवाई

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने बुधवार को पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान में अब धोखेबाजों और चोरों का शासन है। देश और इसकी सेना को बदनामी के लिए शहबाज शरीफ सरकार जिम्मेदार है।

बुशरा बीबी फरवरी से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद हैं। वहीं, उनके पति और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक इमरान खान भी पिछले साल से इसी जेल में बंद हैं। एक पाकिस्तानी अखबार की खबर के मुताबिक, बुशरा बीबी ने कहा है कि संघीय सरकार देश और इसकी सेना की बदनामी के लिए जिम्मेदार है।

खबर के मुताबिक अदियाला जेल में पत्रकारों से बात करते हुए बीबी ने कहा, अखिरत (देवलोक) में दो जगहें हैं: एक आलिम बरजख- जहां मत्तकी (धर्मी लोग) और परहेजगार (परहेज करने वाले) हैं। जबकि दूरी जेल है, जहां आत्माएं धरती पर आती हैं। जहां एक ऐसी जगह है जिसमें (धरती में) शैतानों की सरकार है। अखबार के मुताबिक, बुशरा बीबी ने कहा कि देश में धोखेबाजों और चोरों की सरकार है। उन्होंने सरकार में शामिल हर व्यक्ति को शैतान करार दिया।

इमरान खान ने पहले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली मौजूदा संघीय सरकार पर अवैध होने का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया था कि सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-ए) पार्टी पर आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में अपना जनादेश चुराने का आरोप लगाया था। इन चुनावों में अधिकांश पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। हालांकि, चुनाव के बाद हुए समझौते में पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने पीटीआई को किनारे करते हुए सरकार का गठन किया। पीपीपी का नेतृत्व पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी करते हैं।

## नेपाल में गिरी प्रचंड सरकार: गठबंधन के मंत्रियों ने दिया इस्तीफा, अब नया गठबंधन डेढ़-डेढ़ साल साझा करेगी सत्ता



**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में दो दिनों तक चले राजनीतिक ड्रामे के बाद प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार गिर गई है। गठबंधन के मंत्रियों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देकर सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। नेपाली कांग्रेस और सीपीएन यूएमएल की तरफ से मंगलवार को दी गई 24 घंटे की समय सीमा समाप्त होने के साथ ही दहल के नेतृत्व वाली सरकार की प्रमुख सहयोगी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) सरकार से बाहर हो गई।

पीएम प्रचंड को मिला था 24 घंटे का अल्टीमेटम

इससे पहले पार्टी ने प्रधानमंत्री दहल को पद से हटने के लिए एक दिन का अल्टीमेटम दिया था। इस साल 4 मार्च को गठित दहल की कैबिनेट में शामिल सीपीएन-यूएमएल के आठ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री के आवास पर बुधवार को इस्तीफा सौंप दिया। बता दें कि कि यूएमएल और नेपाली कांग्रेस ने सोमवार रात को नई सरकार बनाने पर सहमति जताई। ओली डेढ़ साल तक नई राष्ट्रीय आम सहमति सरकार का नेतृत्व करेंगे। शेष कार्यकाल के लिए नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा प्रधानमंत्री होंगे। गौरतलब है कि नेपाल की संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीटें हैं जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीटें हैं। इस तरह दोनों बड़ी पार्टियों की संयुक्त ताकत 167 हो गई है, जो 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 138 सीटों के बहुमत के लिए पर्याप्त है। बता दें कि नेपाल में पिछले 16 वर्षों में 13 सरकारें बनी हैं। मंगलवार को बालूवतार में आयोजित सीपीएन (माओवादी केंद्र) की पदाधिकारियों की बैठक में फैसला किया गया था कि प्रधानमंत्री अपना इस्तीफा नहीं देंगे, बल्कि समर्थन वापस लेने के 30 दिनों के भीतर संसद में विश्वास मत का सामना करेंगे।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129